7 page 1_01.qxd 10/6/2023 10:04 PM Page 1



# दैनिक भरोसा मित्र

हरियाणा व बिश्नोई समाज की प्रगति में चौ. भजनलाल ...

पेज- 3

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

भविष्य के डॉक्टर समाज सेवा को ...

पेज- 8



■ वर्ष:1 ■ अंक: 28 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ शनिवार ■ 07 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

## न्यूज डायरी

### जातीय गणना पर जनवरी 2024 में होगी सुनवाई

**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज यानि शुक्रवार को बिहार सरकार की ओर से कराई गई जातिगत गणना से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हम किसी राज्य सरकार को नीति की सिर्फ समीक्षा कर सकते हैं। किसी सरकार को कोई नीति बनाने या काम करने से नहीं रोक सकते। इस मामले में अगली सुनवाई जनवरी 2024 में होगी। बिहार जातीय गणना से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार की ओर से कराई गई जातीय गणना का डेटा प्रकाशित करने पर रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के 1 अगस्त, 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नीतीश-तेजस्वी सरकार को नोटिस जारी किया है।

### बहुमंजिला इमारत में आग से सात की मौत

**मुंबई ।** गोरेगांव में एक सोसाइटी की इमारत में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत की खबर है, वहीं 51 लोग घायल हैं। इनमें से पांच लोगों की हालत नाजुक है। घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि आग जय भवानी भवन में तड़के तीन बजे लगी। सात मंजिला यह इमारत गोरेगांव पश्चिम के आजाद नगर इलाके में स्थित है।इस आग में 46 लोग लोग बुरी तरह घायल हुए, जिनमें सात की जान चली गई। वहीं 39 लोगों का कूप और एचबीटी अस्पताल में इलाज जारी है। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि दो बच्चों और दो महिलाओं सहित छह लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का दोनों अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है।

### आप ने हरियाणा में किये दस प्रभारी नियुक्त, मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने हरियाणा को लेकर अपनी तैयारी तेज कर दी है। पार्टी ने हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर 10 प्रभारी तैनात कर दिए हैं। इसके अलावा 90 विधानसभा सीटों पर पंजाब के चेयरमैन और बड़े नेता विधानसभा प्रभारी बनाए गए हैं।

पंजाब के 10 मंत्री हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के लोकसभा प्रभारी बनाए गए हैं। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा को सोनीपत की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ करनाल का जिम्मा संभालेंगे।

आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर और प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने कहा कि भाजपा सरकार ने साढ़े नौ साल में जो वादे किए थे वो वादे पूरे नहीं कर पाए हैं, चाहे वो 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का मामला हो या स्वामीनाथन की रिपोर्ट हो।

आम आदमी पार्टी हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है, जो देश के लिए लड़ रहा है। आम आदमी पार्टी की लड़ाई देश की जनता को मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने की, बिजली मुफ्त देने की और युवाओं को रोजगार देने की है।


मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया बड़ा ऐलान

# 14 जिलों की 303 अवैध कॉलोनियां हुई वैध

### 31 जनवरी तक 1507 और होंगी रेगुलर

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सूबे के 14 जिलों की 303 अवैध कॉलोनियों को वैध करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि 1507 और कॉलोनियों को 31 जनवरी 2024 तक नियमित कर दिया जाएगा। भविष्य में ऐसी कॉलोनियां न बने इसके लिए हमने कठोर प्रावधान किए गए हैं। शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान सीएम ने कहा कि जहां भी ऐसी अवैध कॉलोनियां हैं वहां हमनें रजिस्ट्रियों को पूरी तरह से बैन कर दिया है। चोरी छिपे बनाई भी जा रही कालोनियों को ध्वस्त करने के आदेश दे दिए गए हैं। गरीबों को भी सस्ते मकान मुहैया कराए जाएंगे। उन्हें सस्ते ऋण भी दिए जाएंगे।सीएम ने बताया कि राज्य सरकार गरीब लोगों को सस्ती दरों पर प्लाट और फ़्लैट भी मुहैया रही है। इस योजना के तहत अभी तक लगभग दो लाख लोगों ने आवेदन किया है, जिनकी आय 1.80 लाख से कम है उनके लिए एक मर्ले के प्लाट के लिए एक लाख रुपए कीमत रखी गई है। जो फ्लैट 450 स्क्वायर फिट का है उसकी कीमत छह से आठ लाख रुपए है। फ्लैटों की कीमत शहरों के हिसाब से होगी, जो गरीब व्यक्ति जितना पैसा दे पाएंगे इसके बाद सरकार बैंकों से सस्ती ब्याज दर पर लोन भी उपलब्ध कराएगी। प्रॉपर्टी टैक्स पर पेनल्टी को माफ करने की भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की। सीएम ने 15 फ़ीसदी छूट देने का ऐलान किया। सीएम ने बताया कि नियमित कॉलोनी के विकास के लिए सरकार ने 3000 करोड़ रुपए रखे हुए हैं। 193 अर्बन लोकल बॉडी नियमित की जाएगी। आज 193 अर्बन



लोकल बॉडी की कॉलोनी नियमित हो चुकी हैं। 110 टाउन एंड कंट्री प्लानिंग कॉलोनियां नियमित की जाएंगी। सीएम ने बताया कि पहली बार टाउन कंट्री प्लानिंग विभाग को शामिल किया गया है। 2014 से 2022 तक 685 कॉलोनी को नियमित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि यदि किसी किसान के खेत से ड्रिस्टीब्यूशन ट्रांसफार्मर की चोरी होती है तो वह थाने में अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकेगा।डीजीपी शत्रुजीत कपूर की ओर से भी प्रदेश के सभी एडीजीपी, पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों तथा रेंज अधिकारियों को इसको लेकर ऑर्डर जारी कर दिए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण गुप्ता, ऊ ज । विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ अमित अग्रवाल, बिजली निगमों के चेयरमैन पी के दास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### डेरों-ढाणियों में भी मिलेंगे बिजली कनेक्शन

मनोहर लाल ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि गांव की फिरनी से 3 किलोमीटर के दायरे में आने वाली डेरों-ढाणियों को बिजली के कनेक्शन दिए जाएंगे। इससे पहले हमारी सरकार द्वारा 2016 में फिरनी से 1 किलोमीटर तक बनें 10 घरों को भी कनेक्शन देने का प्रावधान किया गया था।
मुख्यमंत्री ने आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

#### स्वैच्छिक लोड निर्धारण स्कीम की अंतिम तिथि बढ़ाकर की 31 अक्तूबर

मनोहर लाल ने कहा कि स्वैच्छिक लोड निर्धारण स्कीम के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि को सरकार ने बढ़ाकर 31 अक्तूबर कर दी है। उन्होंने कहा कि 23 जुलाई से कृषि नलकूप उपभोक्ताओं के लिए स्वैच्छिक लोड निर्धारण स्कीम शुरू की थी। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 अक्तूबर थी। उन्होंने बताया कि इस स्कीम के तहत अभी तक 86,304 ने आवेदन करके लोड घोषित किया है। इसके अनुसार 600 मेगावॉट अतिरिक्त लोड बढ़ाया जाएगा।

#### 303 कालोनियों को एक साथ नियमित करने का फैसला ऐतिहासिक : सुधीर सिंगला



**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा के 14 जिलों मे 21 पालिकाओं की 193 कालोनी, नगर एवं योजना विभाग की 110 कालोनियां नियमित करने की घोषणा को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने ऐतिहासिक बताया है। इस घोषणा से यह साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। वे प्रदेश के हर नागरिक के भले के लिए सोचते ही नहीं, भला करते भी हैं ।उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक 9 साल में कुल 1438 कॉलोनी को नियमित किया गया है। यह बहुत बड़ा निर्णय है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि 1.80 लाख रुपये से कम आय वालों से प्लॉट या फ्लैट के आवेदन मांगे सरकार ने मांगे थे ।

# चुनावी घोषणाओं पर राजस्थान मध्य प्रदेश और केंद्र को नोटिस

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से भी 4 हफ्ते में जवाब मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुफ्त की रेवड़ी बांटने जैसी घोषणाओं और योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अदालत ने इनसे 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने नई जनहित याचिका को पहले से चल रही अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ दिया है। सभी मामलों की सुनवाई अब एक साथ होगी। जनवरी 2022 में बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय फ्रीबीज के खिलाफ एक जनहित याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अपनी याचिका में उपाध्याय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्रीबीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की। इसमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियां की मान्यता रद्द करनी चाहिए। केंद्र सरकार ने अश्विनी से सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्रीबीज की परिभाषा तय करने की अपील की। केंद्र ने कहा कि अगर फ्रीबीज का बंटना जारी रहा, तो ये देश को भविष्य की आर्थिक आपदा की ओर ले जाएगा।



#### सुप्रीम कोर्ट में अब तक क्या हुआ?


फ्रीबीज मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एनवी रमना की अगुआई वाली जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस हिमा कोहली की तीन सदस्यीय बेंच ने अगस्त 2022 में सुनवाई शुरू की।

मोदी सरकार ने खेला बड़ा दांव

# कॉन्ट्रैक्ट नौकरियों में भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को मिलेगा आरक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आगामी विधानसभा चुनावों से पहले सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। अब सरकारी मंत्रालयों और विभागों में कॉन्ट्रैक्ट नौकरियों में भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिया जाएगा। विशेष बात यह कि मोदी सरकार कर यह फैसला जातीय जनगणना कराने की हो रही मांग के बीच आया है। आरक्षण की मांग करने वाली एक रिट याचिका का जवाब देते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सरकारी विभागों में 45 दिन या इससे अधिक की कॉन्ट्रैक्ट नौकरी में एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण दिया जाएगा। केंद्र ने यह भी कहा कि सभी मंत्रालयों और विभागों को अस्थायी पदों पर आरक्षण को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्र सरकार के पदों और सेवाओं में नियुक्तियों के संबंध में, अस्थायी नियुक्तियों में एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों को आरक्षण दिया जाएगा, जो 45 या उससे अधिक समय तक चलेगा।ओएम में एससी और एसटी के कल्याण पर संसदीय समिति की एक रिपोर्ट का हवाला दिया गया है। इसमें यह पाया गया है कि अस्थायी नौकरियों में आरक्षण के निर्देशों का अक्षरशः पालन सभी विभाग नहीं कर रहे हैं। केंद्र ने सभी मंत्रालयों और विभागों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि 45 दिनों या उससे अधिक समय तक चलने वाली सभी अस्थायी नियुक्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण दिया जाएगा। इन निर्देशों को पालन करने के लिए सभी संबंधितों को सूचित करना चाहिए। बता दें कि देश में अस्थायी नियुक्तियों में आरक्षण की व्यवस्था 1968 से लागू है। इस संबंध में 2018 और 2022 में निर्देश भी जारी किए गए हैं।



#### सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने रिट याचिका का निपटारा करते हुए स्पष्ट किया कि यदि इस कार्यालय ज्ञापन का उल्लंघन होता है तो याचिकाकर्ता या पीड़ित पक्ष कानून ने अनुसार उचित उपाय का सहारा लेने के लिए स्वतंत्र होगा। इसके साथ ही, पीठ ने केंद्र की ओर से पेश वकील का बयान दर्ज किया। इस बयान में कहा गया है कि 21 नवंबर 2012 के कार्यालय ज्ञापन का पालन करने में विफलता के मामलों से निपटने के लिए एक सिस्टम मौजूद है।

पंजाब सरकार पर मनोहर लाल का तीखा हमला

# एसवाईएल मुद्दे पर आप सरकार ने अपनाया दोहरा रवैया : सीएम





**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एसवाईएल मुद्दे पर दोहरा रुख अपनाने के लिए पंजाब सरकार तीखा हमला करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी को इस मामले पर अपना एक निश्चित रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ही पार्टी के नेता अलग-अलग बातें कहते हैं। इस मुद्दे पर आप पार्टी को चर्चा को केवल पंजाब भवन तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि आपसी सहमति से विस्तृत चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने आज यहां प्रेस वार्ता में कहा कि एसवाईएल के मुद्दे पर एक ही पार्टी द्वारा विरोधाभासी बयान दिए जा रहे हैं। एक ही सरकार के 2 चेहरे उजागर हो रहे हैं, दो मुंह की सरकार है। पंजाब सरकार इस मुद्दे का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने की बजाय घड़ियाली आंसू बहा रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आदेश में कहा कि केंद्र सरकार जमीन, जो जमीन वापस कर दी है, उसे अधिग्रहीत करके सुरक्षित करे। इसके लिए 3 माह का समय दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार से सतलुज यमुना लिंक नहर का काम पूरा कराने के लिए पंजाब में सर्वे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करवाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने एसवाईएल के शीघ्र निर्माण के संबंध में दिये गये निर्णय पर सर्वोच्च न्यायालय का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सदैव आपसी बातचीत से समाधान निकालने के पक्ष में रहा है। लेकिन एसवाईएल के निर्माण और पानी के बंटवारे को लेकर पंजाब का रवैया हमेशा अड़ियल रहा है। पंजाब एसवाईएल निर्माण की बजाये हमेशा पानी के बँटवारे पर ज़ोर देता रहा है, जबकि नहर के निर्माण और पानी के बँटवारे के संबंध में साल 2002 में सर्वोच्च न्यायालय ने हरियाणा के पक्ष में डिक्री देते हुए यह स्पष्ट कर दिया था कि संसद अनुच्छेद 9.1 और 9.2 के तहत राज्यों के बीच के विवाद के मामलों को 'अंतर-राज्य जल विवाद अधिनियम' के मुताबिक़ एक न्यायाधिकरण को सौंपेगी। साथ ही समझौते के पैरा 9.3 से एसवाईएल नहर के निर्माण के विवाद को नहीं जोड़ा गया है।

#### जान चली जाए, पंजाब का पानी किसी को नहीं देंगे : सुखबीर बादल



अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि चाहे उनकी जानें चली जाएं पर वह पंजाब का पानी किसी राज्य को नहीं जाने देंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह ने बादल ने सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर की अधिसूचना विधानसभा में बिल पास करके रद्द कर दी थी। हरियाणा को 191 करोड़ रुपए वापस लौटा दिए थे। साथ ही,जो जमीन अधिगृहित की गई थी वह किसानों को लौटा दी गई थी ।इमरजेंसी के दौरान अकाली नेता जेलों में बंद थे तो तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने आप ही इसका पानी हरियाणा को देने का फैसला कर दिया। मुख्यमंत्री भगवंत नहर बनाकर दिल्ली और हरियाणा को पानी देना चाहते हैं, लेकिन विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। सुखबीर बादल ने कहा कि पंजाब के पानी के लिए सिर्फ शिरोमणि अकाली दल लड़ाई लड़ रहा है।

## रोजगार के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण लेंगे युवा

### श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने किये चार समझौते पर हस्ताक्षर

**भरोसा मित्र ब्यूरो**



पलवल। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने लॉजिस्टिक्स, ई-व्हीकल, ऑटो मोबाइल्स और गारमेंट्स के क्षेत्र में चार ऐसे महत्वपूर्ण करार किए हैं, जिनमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ऑन द जॉब ट्रेनिंग करेंगे और उनके लिए रोजगार के नए रास्ते भी खुलेंगे। हरियाणा के पलवल में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मामलों में मुख्यमंत्री के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) जे एस नैन और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डा. राज नेहरू की उपस्थिति में कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने लॉजिस्टिक्स, ई-व्हीकल, ऑटो मोबाइल्स और गारमेंट्स के क्षेत्र की इन चारों कंपनियों के अधिकारियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय उत्तर भारत की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स स्किल एकेडमी स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को विश्वविद्यालय ने स्काई वेज ग्रुप के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। स्काई वेज ग्रुप के एमडी यशपाल शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए और उनके साथ माय लॉजिस्टिक्स गुरुकुल की सीईओ अल्पना चतुर्वेदी भी उपस्थित थीं। ई व्हीकल में नए इनोवेशन के लिए विश्वविद्यालय ने ई-अश्व ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया है। कंपनी के सीईओ अभिनव बडोला ने कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा के साथ एमओयू का आदान-प्रदान किया।

### दवा फैक्टरी में लगी भयानक आग में 4 लोग जिंदा जले

**अमृतसर।** मजीठा रोड स्थित नागकलां गांव में क्वालिटी फार्मास्युटिकल फैक्टरी में आग लगने से चार लोग जिंदा जल गए। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक आग लगने के बाद अंदर काम करने वाले कर्मचारियों को जहां से रास्ता मिला, वहां से बाहर की ओर भागे। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने करीब आधा दर्जन गाड़ियों की मदद से देर रात आग बुझा दी थी।आग में फंस कर मरने वालों के परिजनों ने फैक्टरी मालिकों पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए दवा फैक्टरी के सामने धरना दिया।आग का कारण शार्ट सर्किट ही बताया जा रहा है।

## एशियाड में हाकी में भारत ने जापान को 5-1 से रौंदा

### फाइनल में से हरा कर स्वर्ण पदक अपने पाले में किया, टीम को ओलिंपिक कोटा भी मिला

**हांगझोउ, एजेंसी।**



चीन के इस शहर में चल रहे एशियन गेम्स में शुक्रवार को हाकी में भारत ने जापान को 5-1 से पराजित करके स्वर्ण पदक अपने पाले में किया। बता दें किभारत ने 2018 एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज जीता था।भारत की ओर से मनप्रीत सिंह ने 25वें मिनट, हरमनप्रीत सिंह ने 32वें और 59वें मिनट, अमित रोहिदास ने 36वें मिनट और अभिषेक ने 48वें मिनट में गोल दागे। जापान से तनाका ने 51वें मिनट में टीम के लिए एकमात्र गोल दागा। जबकि भारत ने प्रतिद्वंद्वी टीम के हमलों को नाकाम कर दिया। सबसे कड़ी बात है कि इस जीत के साथ पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए भारत ने क्वालिफाई भी कर लिया है। शुक्रवार के अब तक परिणामों के अनुसार भारत ने आज 1 स्वर्ण, 2 रजत और 6 कांस्य सहित कुल आठ पदक जीते हैं। पदकों की कुल संख्या 95 हो गई है।बता दं कि भारत का लक्ष्य 100 पदक प्राप्त करने का है। कुश्ती में भारत को महिलाओं 62 किग्रा की कैटेगरी के बाद अब 76 किग्रा की फ्रीस्टाइल में भी कांस्य से संतोष करना पड़ा । भारत की किरण ने मंगोलिया की गैनबैट अरिउंजरगल को हराकर कांस्य जीता। पुरुषों की कुश्ती में भारत के अमन ने फ्रीस्टाइल 57 किग्रा के मुकाबले में कांस्य पदक जीता। ब्रज गेम के टीम फाइनल में भारत ने रजत पदक प्राप्त किया। शुक्रवार को भारतीय पुरुषों की टीम को आर्चरी के रिकर्व टीम इवेंट के फाइनल में साउथ कोरिया के खिलाफ हार के बाद रजत से संतोष करना पड़ा। साथ ही,21 साल की सोनम मलिक ने 62 किग्रा वेट कैटेगरी में कांस्श पदक के लिए चीन की जिया लॉन्ग को पराजित किया। बता दें कि भारतीय महिला टीम को सेमीफाइनल में थाईलैंड के खिलाफ हार के बाद कांस्य पदक मिला। आर्चरी रिकर्व महिलाओं की टीम के बाद बैडमिंटन पुरुस्रों की टीम करे सिंगल्स में एचएस प्रणय को कांस्य पदक मिला।

उच्च स्तरीय कमेटी बनाई | कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए अशोक अरोड़ा की अध्यक्षता में बनी कमेटी

# हुड्डा और उदयभान करेंगे 90 हलकों में रैलियां

### चार विधायकों सहित कांग्रेस के 10 वरिष्ठ नेता को बतौर सदस्य कमेटी में शामिल

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**





चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अब राज्य के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर निकलेंगे। अगले लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ सांसद दीपेंद्र हुड्डा व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान समेत कई बड़े नेता भी फील्ड में जाएंगे। इन नेताओं के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए प्रदेश कांग्रेस की ओर से उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। पूर्व स्पीकर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी में चार विधायकों सहित 10 वरिष्ठ नेताओं को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

कमेटी में कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज, कांग्रेस विधायक दल के उप नेता और नूंह के विधायक आफताब अहमद, पूर्व सीपीएस और महेंद्रगढ़ के विधायक राव दान सिंह, पूर्व शिक्षा मंत्री व झज्जर की विधायक गीता भुक्कल के साथ पूर्व सीपीएस और खरखौदा के विधायक जयवीर सिंह वाल्मीकि को कमेटी में सदस्य बनाया गया है। पूर्व विधायक आनंद सिंह दांगी, हुड्डा के पूर्व ओएसडी डा. केवी सिंह, पूर्व राजनीतिक सलाहकार प्रो. वीरेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी चंद्र प्रकाश तथा कांग्रेस प्रवक्ता बजरंग गर्ग को भी कमेटी में सदस्य के रूप में जगह दी गई है। यह कमेटी सभी 90 हलकों के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करेगी। कांग्रेस ने प्रदेश के सभी 90 हलकों में रैलियां करने का निर्णय लिया है। पहले चरण में सभी 22 जिलों में एक-एक रैलियां की जाएंगी। इसके बाद दूसरे चरण में इन जिलों के दूसरे हलकों को कवर किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष उदयभान द्वारा बनाई गई कमेटी की पहली बैठक 12 अक्टूबर को चंडीगढ़ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में होगी। अशोक अरोड़ा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे।

#### असंध के विधायक ने लिस्ट पर उठाए सवाल

असंध से पार्टी विधायक शमशेर गोगी ने कहा है कि जो अशोक अरोड़ा को लेकर लिस्ट आई है, वह ठीक नहीं है। पार्टी अध्यक्ष को अध्यक्ष की तरह काम करना चाहिए, उन्हें पार्टी के प्रोटोकॉल को भी समझने की जरूरत है। बता दें कि गोगी चार महीने पहले भी कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठा चुके हैं। लिस्ट का विरोध कर रहे विधायकों को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा है कि प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के लिए ड्यूटी लगाई गई है, जिन्हें एतराज है वह प्रभारी और राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करके अपना पक्ष रख सकते हैं।

## खबर फटाफट

### शिक्षामंत्री मूलचंद शर्मा सोहना में आज करेंगे जनसंवाद

**सोहना :** भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो में एमिनेट पर्सन योगेश तंवर, भाजपा नेता चौधरी सहीराम तंवर, जिलापार्षद कैलाशवती तंवर के अनुसार प्रदेश के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षामंत्री मूलचंद शर्मा शनिवार को यहां पर 5 गांवों गांगौली, बैसी, आकेड़ा, रानिका और देवलानंगली में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर चल रही तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बताया गया कि परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा 7 अक्टूबर को प्रातः10 बजे गांव गांगौली में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वे गांव बैसी, आकेड़ा, रानिका और देवलानंगली का दौरा करेंगे।

### 18 साल के युवा जरूर बनवाएं अपना वोट : तंवर



**सोहना :** इनसो के राष्ट्रीय महासचिव मोहित तंवर एडवोकेट का कहना है कि निर्वाचन आयोग द्वारा एक जनवरी, 2024 को आधार मानते हुए मतदाता सूचियां तैयार की जा रही हैं। उन्होने विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि अपने स्कूल, कालेज या अकादमी में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थी का वोट बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि कॉलेज, आईटीआई सहित अन्य शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को वोट बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पात्र विद्यार्थी अपना वोट एनवीएसपी.इन अथवा वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से ऑनलाइन अथवा अपने संस्थान में निर्वाचन विभाग का फार्म नंबर 6 भरकर उसके साथ अपनी आयु, रिहायशी प्रमाण व पासपोर्ट साइज का कलर फोटो लगाकर ऑफलाइन भी बनवा सकते हैं।

### राजस्व में वृद्धि सरकार की कुशलता की पहचान :जैन



**सोहना :** श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन का कहना है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व और राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश के राजस्व में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। जीएसटी संग्रह के मामले में हरियाणा देश के शीर्ष 5 राज्यों में शामिल हो गया है। उन्होने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के पहले 6 महीनों (अप्रैल-सितंबर 2023) में, राज्य का कुल कर संग्रह पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 27,155 करोड़ रुपये की तुलना में 32,076 करोड़ रुपये हो गया है, जो 18.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। जैन का कहना है कि जीएसटी कलेक्शन में हुई ये वृद्धि प्रदेश की आर्थिक प्रगति को तो दर्शाती ही है साथ ही यह राज्य के विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत भी है। वहीं इससे यह भी साबित होता है कि देश में एक देश-एक कर की अवधारणा पर लागू जीएसटी प्रणाली बेहद कारगर है।

### इनेलो 15 से शुरू करेगी जनसमर्थन रथयात्रा : विजय

**सोहनाः** इनेलो से जुड़े क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता विजय डागर रायपुरिया का कहना है कि इनेलो ने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोलने तथा प्रदेश की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखतापूर्वक जोरशोर से उठाने के लिए 15 अक्टूबर से नए सिरे से राज्य में जनसमर्थन रथयात्रा शुरू करने का निर्णय लिया है। यह जनसमर्थन रथयात्रा आगामी विधानसभा चुनावों तक जारी रहेगी, जो राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में घूमेगी और सभी 90 के 90 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। इस जनसमर्थन रथयात्रा की अगुवाई ऐलनाबाद से विधायक अभय चौटाला करेंगे। बातचीत के दौरान इनेलो के हलका अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह अलीपुरिया, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह, नंबरदार धर्मबीर खटाना, भूपेन्द्रप्रताप खटाना लोहटकी, सेठ सुंदरपाल अग्रवाल, राजकपूर एडवोकेट, सुखदेव सैनी, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, सुंदर सिंह राजपूत, नंबरदार धर्मपाल सैनी, मनोज प्रधान, मास्टर खूबीराम आदि प्रमुख लोग भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

### नाराज आशावर्कर सड़क पर उतरीं,निकाला कैंडल मार्च

**सोहनाः** यहां पर आज शहर में गुस्साई आशावर्कर सड़क पर उतर आई और अपनी मांगों को लेकर कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च के दौरान आशावर्करों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इससे पूर्व आशावर्कर शहीद भगत सिंह फौहारा चौक पर एकत्रित हुई। आशावर्करों ने अपने हाथ में जलती हुई मोमबत्ती लेकर कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान आशावर्करों ने सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए नारेबाजी की। कैंडल मार्च शहीद भगत सिंह फौहारा चौक से होते हुए पुराने तहसील परिसर, स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय, शिव चौक, पुराना लेबर चौक, बसअडडा मार्ग, हनुमानबगीची और अनाजमंडी से होते हुए वापिस शहीद भगत सिंह फौहारा चौक पर पहुंचा। विरोधप्रदर्शन कर रही आशावर्करों ने बताया कि सरकार आशावर्करों से पक्के कर्मचारी से भी ज्यादा काम लेती है। वह सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हे लाभ दिलाने का काम करती है। इसके बावजूद आशावर्करों को मजदूरों से भी कम मेहनताना दिया जाता है।

### बंधवाड़ी टोलप्लाजा पर वाहन चालकों को जाम से मिलेगी मुक्तिः बंधवाड़ी

**सोहनाः**जजपा युवा में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंधवाड़ी ने कहा कि गांव बंधवाड़ी स्थित टोलप्लाजा पर लगने वाले जाम से निजात दिलवाने के लिए यातायात पुलिस ने काफी बदलाव कराए है। इन बदलाव से टोल से आवाजाही करने वाले वाहन चालकों को रोजाना लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। चालक बीते एक वर्ष से टोल पर लगने वाले जाम से परेशान थे। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों की सुविधा को देखते हुए हैंडलिंग मशीनों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ वाहनों की लेन भी ठीक करवाई है ताकि वाहन चालकों को कोई परेशानी ना हो। इसके अलावा टोलप्लाजा के दोनों तरफ 100 मीटर पर सफेद रंग की पटटी भी बनवाई गई है। बंधवाड़ी ने बताया कि यहां पर गांव बंधवाड़ी स्थित बंधवाड़ी टोलप्लाजा पर वाहनों की कतारें सफेद लाइन को पार करेगी तो यातायात पुलिस टोल कंपनी के सहयोग को बूम बैरियर को हटवाकर वाहनों को निकाला जाएगा।

# हरियाणा में भी अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन करे सरकार:गोयल

**हरियाणा सरकार अगर व्यापारी वर्ग की सच्ची हितैषी है तो इस तरह से कार्य करके व्यापारी वर्ग के हित में काम करे**

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

**सोहना।** अग्रवाल समाज ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का अग्रवाल समाज के लिए कल्याण बोर्ड का गठन किए जाने का स्वागत करते हुए आभार जताया है।

सभा के प्रधान रहे सेठ विजय गोयल, लाला जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, डाक्टर महेश गोयल, प्रहलाद गुप्ता, विनोद गर्ग, मास्टर सतीश कुमार, अग्रवाल वैश्य समाज के प्रधान रोहित गर्ग, संजीव गुप्ता सर्राफ, शिक्षा समिति उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल, लाला सुभाष बंसल रेवासनिया आदि समेत समाज के जागरूक लोगों ने कहा कि पूरे देश में राजस्थान प्रदेश की सरकार ने अग्रवाल समाज के बारे में सुध ली है।

उन्होंने हरियाणा सरकार से भी राजस्थान की तर्ज पर अग्रवाल समाज के लिए कल्याण आयोग का गठन करने की मांग की है। उन्होने कहा कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले अलग-अलग समाज के लिए सरकार अलग-अलग काम में जुटी है। गहलोत सरकार ने अग्रसेन समाज के लिए एक कल्याण बोर्ड का गठन किया है। राज्य अग्रसेन कल्याण बोर्ड अग्रसेन समाज की मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ इस समाज की बेहतरी के लिए सरकार को सुझाव देगा। उपरोक्त लोगों की माने तो राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान में रहने वाले अग्रवाल समाज के लिए बनाया गया यह बोर्ड अग्रवाल समाज की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्ग को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने, इनके पिछड़ेपन को दूर करने के लिए राज्य सरकार को सुझाव देगा।



उन्होंने कहा कि बोर्ड समाज कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं पेश करने, विभिन्न योजनाओं के संबंध में विभिन्न विभागों से समन्वय करने, समाज के परम्परागत व्यवसाय को वर्तमान तौर-तरीकों से आगे बढ़ाने, रोजगार को बढ़ावा देने तथा समाज के शैक्षणिक एवं आर्थिक उन्नयन तथा अग्रवाल समाज के व्यापार की उन्नति में आ रही अड़चनों तथा परेशानियों को दूर करने के बारे में सुझाव देगा।

उन्होंने राजस्थान में सरकार की ओर से तय किए गए नियमों के बारे में बताया कि बोर्ड सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों के विरूद्ध ठोस उपाय करने एवं अन्य सुझाव भी राज्य सरकार को देगा। इस बोर्ड में पांच गैर सरकारी सदस्य (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा तीन सदस्य) होंगे। साथ ही, वाणिज्यिक कर विभाग, उद्योग विभाग, शिक्षा (प्राथमिक/माध्यमिक) एवं संस्कृत शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव/आयुक्त/निदेशक अथवा उनके प्रतिनिधि बोर्ड में सरकारी सदस्य के रूप में होंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने यह ऐतिहासिक कार्य किया है। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की मांग है कि हरियाणा सरकार अगर व्यापारी वर्ग की सच्ची हितैषी है तो इस तरह से कार्य करके व्यापारी वर्ग के हित में काम करे।

# जयंती पर स्व. चौधरी भजनलाल की याद में कार्यक्रम का आयोजन

**कई दलित व मलिन बस्तियों में जाकर छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया, लड्डू,कपड़े व शिक्षा सामग्री वितरित की**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** शुक्रवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल की जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 'प्रेरणा दिवस' के रूप में बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर सोहना में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सोहना में पलवल रोड पर चौधरी भजनलाल के जन्मदिवस पर आज भाजपा नेत्री व पूर्व नगरपार्षद डाक्टर पलक वर्मा ने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ कई दलित व मलिन बस्तियों में जाकर छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और अपने ऐच्छिक कोष से बच्चों के बीच स्लेटी, स्लेट, पेन, पेंसिल, लडडू व कपड़े आदि सामग्री वितरित की।

इस मौके पर उन्होंने दावा जताया कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। प्रदेश के आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा 90 में से कम से कम 80 सीटें प्राप्त करेगी।

इससे पूर्व भाजपा नेत्री व पूर्व नगरपार्षद डाक्टर पलक वर्मा ने प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अपने निवास पर प्रातः समय आयोजित किए गए हवन-यज्ञ में उपस्थित कार्यकर्ताओं, समर्थकों समेत आहुतियां डाली और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल के प्रदेश के विकास में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके पुत्र व पूर्व लोकसभा सदस्य चौधरी कुलदीप बिश्नोई के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेने का सामूहिक प्रण लेते



हुए उनका हर कदम पर साथ देने का प्रण लिया और चौधरी भजनलाल के जन्मदिवस पर लड्डू बांटे।

तत्पश्चात वह अपनी अगुवाई में लंबे काफिले के साथ सोहना से मिलेनियमसिटी में आज आयोजित किए गए नवनिर्मित स्वर्गीय चौधरी भजनलाल स्मृति सदन एवं स्वर्गीय भजनलाल की प्रतिमा लोकार्पण समारोह के लिए कूच कर गई गई है। कूच करने से पहले उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के संरक्षक 'बिश्नोई रत्न' कुलदीप बिश्नोई शिरकत करेंगे जबकि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी भजनलाल की स्मृति को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए आयोजित किए गए इस समारोह में अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र बुड़िया कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व पूर्व नगरपार्षद डाक्टर पलक वर्मा ने बताया कि इस समारोह में राजस्थान सरकार में राज्यमंत्री सुखराम बिश्नोई, विधायक चौधरी दुड़ाराम, विधायक भव्य बिश्नोई, विधायक किसनाराम, विधायक बिहारीलाल, विधायक पब्बाराम, विधायक महेन्द्र बिश्नोई, विधायक अजय बिश्नोई, पूर्व सांसद जसवंत सिंह बिश्नोई, पूर्व सांसद सुश्री ज्योति मिर्धा, पूर्व विधायक मलखान बिश्नोई, पूर्व विधायक जसमा देवी, पूर्व विधायक रेणूका बिश्नोई, महासभा के वरिष्ठ उपप्रधान सोमप्रकाश, महासचिव कालीराणा भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### वार्ड 5-6 में टाइल उखाड़ कर सड़क बनाना भूल गई नगरपरिषद

**सोहनाः** शहर के वार्ड-5 और 6 में ठेकेदारों ने सड़क निर्माण के नाम पर पहले से लगी टाइल्स तो उखाड़ दी लेकिन आरसीसी और टाइल्स कार्य नही किया। ऐसे में ठेकेदारों और नगरपार्षदों ने स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय में कार्यरत कार्यकारी अभियंता पर आरोप लगाए कि वर्क आर्डर ठेकेदारों को जारी नही किया जा रहा है। इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे है।

ध्यान देने वाली बात ये है कि सोहना नगरपरिषद में ठेका लेने वाले एक ठेकेदार ने पहले भी रिश्वत लेने को लेकर एक जेई को विजिलेंस के हाथों रंगेहाथों गिरफ्तार कराया था लेकिन यहां पर कार्यरत और मनमर्जी बरत रहे अधिकारी फिर भी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लेने की बजाय मनमर्जी बरतने का कोई मौका नही चूक रहे हैं। काबिले गौर यह है कि पिछले दिनों हुई बैठक में भी पार्षदों ने नगरपरिषद में कार्यरत कार्यकारी अभियंता की शिकायत एसडीएम प्रदीप कुमार को की थी, लेकिन ताज्जुब की बात ये है कि इसके बाद भी संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं। विकास कार्यो के लिए वर्क आर्डर जारी करने की बजाय मनमर्जी बरती जा रही है। उनका कहना है कि सरकार ने राज्य के चेयरपर्सन व चेयरमैन को नगरपरिषद के अधिकारियों की एसीआर बनाने की ताकत तो दे दी लेकिन अभी उसका उपयोग नही हो पा रहा है। अगर जल्दी ही सरकार ने सर्कुलर जारी किया तो नगरपरिषद के अधिकारियों की मनमानी पर जल्द लगाम लग सकती है।

# ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम के चौकीदार पर जानलेवा हमला

**वाटरकूलर में लगी टोटी को खोल रहे युवक को रोका तो डंडों से कर दिया हमला, बाद में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** यहां पर स्थानीय खेल स्टेडियम के चौकीदार को वाटरकूलर में लगी टोटी चोरी करने आए एक युवक को टोटी चोरी करने से रोकना खेलस्टेडियम में कार्यरत चौकीदार को उस वक्त महंगा पड़ गया, जब आरोपी ने चौकीदार पर डंडे से हमला बोल दिया और चौकीदार को डंडे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया।

चौकीदार के बचाओ-बचाओ का शोर मचाने पर लोगों को अपनी तरफ आते देख हमलावर घटनास्थल से भाग निकलने में कामयाब हो गया है। घायल चौकीदार का नाम संजीव कुमार बताया गया है। जिसे उपचार के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया लेकिन घायल चौकीदार संजीव कुमार की हालत बिगड़ने पर डाक्टरों ने उसे जिला मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

इस खेल स्टेडियम के अध्यक्ष सोहना क्षेत्र के एसडीएम और पदेन सचिव स्थानीय तहसील कार्यालय में कार्यरत तहसीलदार है। इसके अलावा स्टेडियम समिति में सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ कई गैर सरकारी लोग भी मैंबर बने हुए है। स्टेडियम में चौकीदार पर हुए जानलेवा हमले को लोग बिगड़ती कानून व्यवस्था से जोड़कर देख रहे हैं और यह कहने से नहीं चूक रहे हैं कि इस चौकीदार पर किया गया जानलेवा हमला हमलावर का दुस्साहस से कम नहीं है।

ऐसे में जरूरी है कि पुलिस प्रशासन हमलावर की पहचान कर उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का काम करे तथा स्टेडियम के भीतर जगह-जगह तीसरी आंख रूपी सीसीटीवी कैमरे जल्द से जल्द लगाए जाए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय स्टेडियम में कार्यरत चौकीदार संजीव तीरंदाजी कोर्ट में बड़ी हो रही घास को काट रहा था। उसी समय दीवार के साथ लगे वाटरकूलर में लगी टोटी को एक युवक खोल रहा था। उसे टोटी खोलते देख चौकीदार संजीव उसके पास पहुंचा और उसे टोटी खोलने से मना करने लगा। चौकीदार के टोकने पर युवक एकदम गुस्सा हो गया और चौकीदार संजीव के साथ मारपीट करने लगा।

उसने पास में पड़े डंडे को उठाकर उससे चौकीदार पर हमला बोल उसे पीटना शुरू कर दिया। जिस पर चौकीदार ने बचाओ-बचाओ का शोर मचाया। चौकीदार का शोर सुनकर स्टेडियम में घूम रहे लोग जैसे ही वहां आए, हमलावार युवक वहां से भाग गया।

लोगों ने घायल चौकीदार को स्थानीय सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया। घायल की हालत बिगडने पर डाक्टरों ने उसे जिला मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

#### चर्चा में है स्टेडियम

बता दें कि करीब 3 महीने पहले भी स्थानीय स्टेडियम में कुछ दबंगों ने एक युवक को बेरहमी से मारते हुए घायल कर दिया था। मामला एक किशोरी से बदतमीजी करने से संबंधित था। लोगों में ये चर्चाएं तेजी से जोर पकड़ रही है कि स्थानीय स्टेडियम में सुबह-शाम भ्रमण के दौरान कुछ असामाजिक तत्व घूमने के बहाने आ जाते हैं

एसडीएम प्रदीप कुमार ने ऐसे असामाजिक तत्व के लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। इसके बावजूद यहां की व्यवस्था ऐसी ही चल ही है। किसी का इस पर ध्यान नहीं है।



### नवरात्रों से पहले व्रत के सामान के दाम बढ़े

सोहना। यहां पर नवरात्रों से पहले ही व्रत सामग्रियों की कीमतों में 30 प्रतिशत तक इजाफा हो गया है। लोगों का कहना है कि तेजी से बढ़ रही महंगाई लोगों को रुलाने का काम कर रही है। जिसका सीधा असर लोगों की जेबों पर पड़ रहा है लेकिन सरकार महंगाई कम करने की बजाय चुप्पी साधे हुए है। वही व्रत का सामान बेचने वाले इस बार व्रत में इस्तेमाल होने वाली मेवा, पूजा सामग्री समेत अन्य चीजें महंगी हो गई है। मखाना की कीमत 600 रुपए किलो से बढ़कर एकदम 800 रुपए किलो तक पहुंच गई है। सिंघाडे तथा कुटू का आटा, साबूदाना समेत अन्य सामानों के दाम भी तेजी से बढ़े है। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि इस बार शारदीय नवरात्रे 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे है। पिछले सात दिनों में अचानक से मेवा समेत व्रत में इस्तेमाल होने वाली सामग्री के दामों में बढ़ोतरी हुई है।

# शहर में जल्द बनाया जाएगा गुर्जर भवन : बलबीर गब्दा

**आधारशिला रखने की तैयारियां चल रही हैं जोर शोर से**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** यहां पर सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा का कहना है कि गुर्जर समाज के लोगों की वर्षो पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। खुशी की बात ये है कि जल्द ही शहर सोहना में चयनित किए गए स्थान पर गुर्जर भवन की आधारशिला रखी जाएगी। जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही है। उन्होने बताया कि गुर्जर समाज के लोगों की यह भावना रही कि अन्य समाजों की तरह शहर सोहना में भी गुर्जर भवन जरूर होना चाहिए ताकि गुर्जर भवन में गुर्जर समाज के लोग बैठक कर समाज की बातों पर विचार-विमर्श करे। समाज के लोग गुर्जर भवन में अपनी पुत्रियों व पुत्रों की शादी करे क्योकि सोहना में लगभग सभी समाजों के नाम से भवन अथवा धर्मशालाएं है लेकिन गुर्जर समाज का भवन नही है। गुर्जर समाज में दानवीरों के आगे आने पर अब गुर्जर भवन बनाए जाने वाली मांग जल्द पूरी होने जा रही है। उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा का कहना है कि सोहना की राजनीति में चाणक्य कहे जाने वाले चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया ने अपनी नेक कमाई में से 4 करोड़ 11 लाख रुपए का दान शहर सोहना में गुर्जर भवन बनाए जाने के लिए अपने ऐच्छिक कोष देकर समाज की इस मांग को पूरा कराने में अहम भूमिका निभाई है।

उन्होंने बताया कि सोहना हलका से पूर्व विधायक चौधरी तेजपाल तंवर ने भी गुर्जर भवन के लिए 51 लाख रुपए का दान दिया है। इन नेताओं के अलावा क्षेत्र के गुर्जर समाज के अन्य नेता व समाजसेवी भी गुर्जर भवन के लिए दिल खोलकर दान दे रहे है, जो एक अच्छी पहल है। उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा का कहना है कि सोहना में बनने जा रहे गुर्जर भवन के लिए जमीन की तलाश जारी है।

कुछ स्थानों पर जमीन देख भी ली गई है। जल्द ही समाज के बुजुर्ग लोग जमीन फाइनल करेंगे, उसी दिन गुर्जर भवन की आधारशिला रख दी जाएगी और इस घड़ी का समाज के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे है। उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा ने कहा कि यह बात सत्य है कि सोहना में अन्य समाजों के नाम से भवन अथवा धर्मशालाएं है लेकिन गुर्जर भवन नही है जबकि इस क्षेत्र में गुर्जरों की संख्या ज्यादा है लेकिन अब उस कमी को समाज के लोगों ने एकजुट होकर पूरी करने का संकल्प लिया है। कहा गया कि गुर्जर भवन बनने से जहां समाज के लोगों को बैठने के लिए एक स्थान मिल जाएगा, वही समाज के लोग इस भवन में कार्यक्रम भी कर सकेंगे।

# जी-20 थीम के आधार पर चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** गांव खेड़ाखलीलपुर स्थित ग्रीनफ्लावर सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को जी-20 थीम के आधार पर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री अंजली मिश्रा, विशिष्ट अतिथि रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अंजू बाला, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा गंगादान डागर और लोकसभा प्रभारी महिला मोर्चा विधु बाला, जिला प्रभारी हेमलता तंवर, जिला महामंत्री ममता सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निशा सैनी और विद्यालय प्रबंधक कमेटी की सचिव सुषमा डागर, प्रधानाचार्य राजेंद्र, दीक्षा गुप्ता, मीनू खटाना, संगीता चौहान, फिरदौस, लता रानी, शीतल खटाना, मनीषा, मंजू भारती, संगीता गुप्ता, खुशबू गुप्ता, विनोद पवार, ललित कुमार डागर समेत महिलाओं ने फूलमाला से मुख्यातिथि का स्वागत किया और मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों ने पेंटिंग और रंगोली का अवलोकन किया और बच्चों को काफी प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों की प्रशंसा करके बच्चों का उत्साह बढ़ाया। यह कार्यक्रम विद्यालय में पहल बार कार्यक्रम हुआ है। जिससे कि यह सुनकर बच्चों में और उत्साह बड़ा कि हमने जी-20 के थीम पर सबसे पहले कार्य किया है और बच्चों से जी-20 के विषय में भी प्रश्न पूछे गए।

**नियम की अनदेखी** | ग्रेप के नियमों की सरेआज उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

# कूड़े के ढेरों में लगाई जा रही आग,प्रदूषण फैल रहा

**जिन अधिकारियों के कंधे पर ग्रेप के नियमों को लागू करने की जिम्मेदारी है,वे बरत रहे हैं लापवाही**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए सोहना समेत एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानि ग्रेप लागू होने के बावजूद यहां पर ग्रेप के नियम हवा-हवाई नजर आ रहे हैं। ना केवल जगह-जगह कूड़े के ढेरों में आग लगाई जा रही है बल्कि ग्रेप के नियमों को भी धुएं में उड़ाया जा रहा है।

ग्रेप के नियम लागू हुए 6 दिन हो गए है लेकिन यहां पर संबंधित विभागों के स्थानीय अधिकारियों की बरती जा रही लापरवाही ग्रेप के नियमों पर भारी पड़ रही है। सडकों पर डीजल व पेट्रोल से दौडने वाले वाहन भी प्रदूषण को बढ़ावा देने में सहायक बन रहे है। बार-बार सडकों पर लगने वाला जाम प्रदूषण को बढ़ावा देने में सहायक बन रहा है। जिससे कार्बनडाइआक्साइड, सल्फरडाइआक्साइड जैसी खतरनाक गैसे उत्सर्जित हो रही है तो कही सडकों पर धूल उड़ रही है। सडकों के किनारे मिटटी पड़ी हुई है।

यहां पर किसी भी विभाग की तरफ से प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को जागरूक बनाने का कोई अभियान भी नही चलाया गया है और जिन अधिकारियों के कंधे पर ग्रेप के नियमों को लागू करने की जिम्मेदारी है, उनकी बरती जा रही लापरवाही का आलम ये है कि जगह-जगह कूड़े के ढेरों में आग लगाई जा रही है।

जगह-जगह जाम लगने पर वाहन ज्यादा प्रदूषण फैला रहे है तो सडक किनारे खुले में पड़ा बिल्डिंग मैटेरियल बिना ढके होने से प्रदूषण को बढ़ावा दे रहा है और सड़कों के किनारे जगह-जगह धूल के गुबार उड़ रहे है लेकिन नगरपरिषद प्रशासन की तरफ से पानी का छिड़काव भी नही कराया जा रहा है। जागरूक लोगों का कहना है कि ग्रेप लागू हुए कई दिन बीत गए है, लेकिन जिस दिन से ग्रेप लागू हुआ है, उसी दिन से यहां ग्रेप द्वारा लागू नियमों की जगह-जगह सरेआम धज्जियां उड़ती नजर आ रही है।

देखने में आया कि बाजार व गली-मोहल्लों में कही जरनेटर चल रहे है तो खेलस्टेडियम के सामने नेशनल हाईवे के साथ लगते सर्विस रोड पर जगह-जगह खुले में बिना पानी के छिडकाव किए और बिना तिरपाल ढके रोड़ी, रेता-बजरी के ढेर लगे है, जो हवा चलने पर धूल बनकर वातावरण को प्रदूषित कर रहे है तो प्रदूषण के जिम्मेदार कंडम वाहन भी सडक पर बेरोकटोक भर्राटे भरते नजर आ रहे है तो आए दिन भोर सवेरे शहर में कई स्थानों पर कूड़े के ढेरों में लगाई गई आग से प्रदूषण फैलता दिखाई पड़ रहा है। स्वच्छता पखवाडे के तहत चलाए जा रहे सफाई अभियानों के दौरान भी धूल जमकर उड़ रही है। ना कही पानी का छिड़काव हो रहा है। ना कही ग्रेप के नियमों का पालन किया जा रहा है। जिससे यहां पर प्रशासनिक अधिकारियों की बरती जा रही लापरवाही के चलते ग्रेप के लागू किए गए नियम दिखावा भर नजर आ रहे है।



काबिले गौर यह है कि प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण यानि ईपीसीए की तरफ से प्रदूषण को बढने से रोकने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। जिसके तहत जरनेटरों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर रबड़, प्लास्टिक कचरा, कपड़ा, कूड़ा-कर्कट, टायर, कूड़ा जलाने, धूल आदि पर रोक लगाई गई है। इस दौरान ईट-भटटे भी पूरी तरह बंद रहेंगे और लागू नियमों को कड़ाई से धरातल पर पालना के लिए सीपीसीबी और डीसीसी की टीमों को नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने को कहा गया है। इस दौरान बिल्डिंग मैटेरियल बेचने वालों को ईंट, रोड़ी-रेता, बजरी पर बार-बार पानी का छिडकाव करने के साथ ही उसे मोटे तिरपाल से ढकना जरूरी बनाया गया है। ऐसा ना होने पर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ चालान काटने के साथ-साथ पुलिस में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए है। सुप्रीमकोर्ट ने दस साल से पुराने डीजल वाहन और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों के चलने पर पूरी तरह रोक लगाई हुई है लेकिन यहां भी पुराने और कंडम वाहनों को काला जहरीला धुआं उगलते हैं।

7 page 3_02.qxd 10/6/2023 9:54 PM Page 1

दैनिक भरोसा मित्र

अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं सरकारी ....









मन की बात क्विज विजेता बनने पर....

www.dainikbharoosa.com Google Play dainikbharosa गुरुग्राम, शनिवार, 07 अक्टूबर 2023



### चौधरी भजनलाल ने मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए गुरुग्राम के औद्योगिक विकास का ब्लू प्रिंट तैयार किया था

## पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजनलाल की जयंती पर गुरुग्राम में भजनलाल स्मृति सदन व प्रतिमा का लोकार्पण

# हरियाणा व बिश्नोई समाज की प्रगति में चौ. भजनलाल का अतुलनीय योगदान : कुलदीप बिश्नोई


**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम के सैक्टर 31 में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजनलाल जी 93वीं जयंती पर स्व. चौधरी भजनलाल स्मृति सदन का उद्घाटन एवं उनकी प्रतिमा लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के संरक्षण बिश्नोई रत्न कुलदीप बिश्नोई पहुंचे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष देवेन्द्र बुडिया ने की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद जसवंत बिश्नोई, पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा, विधायक दूड़ाराम, विधायक भव्य बिश्नोई, विधायक बिहारी लाल, विधायक सलील बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिश्नोई ने कहा कि यह समाज के लिए बड़ा भावनात्मक एवं गौरवशाली पल है कि उन महान शख्स की जयंती पर इस साईबर सिटी में हम सदन का लोकार्पण कर रहे हैं, जिन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए गुरुग्राम के औद्योगिक विकास का ब्लू प्रिंट तैयार किया था। हम उनकी दूरदर्शी सोच से विकसित इस साईबर सिटी में यह भव्य भवन समाज को आज समर्पित कर रहे हैं। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और एक ऐसी जगह पर स्थित है जहां आसपास बड़े शिक्षण संस्थान, बड़े अस्पताल और अंतर्राष्टीय कंपनियों के दफ्तर मौजूद हैं। देश के विभिन्न कोनों से गुडे ांव दिल्ली आने वाले समाज के छात्रों, व्यापारियों, इलाज के लिए आने वाले मरीजों सहित आमजनमानस को इससे बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस भवन निर्माण के लिए बड़ी मेहनत से कार्य करने के लिए अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा की पूर्व एवं मौजूदा कार्यकारिणी सहित गुरूग्राम बिश्नोई सभा के समस्त पदाधिकारियों,भामाशाहों, समाजसेवकों और विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हमारे बिश्नोई समाज के उन साथियों जिन्होंने किसी न किसी रूप से इस भवन के निर्माण में जो अपनी आहुति डाली है, उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। समाज के लिए यह भवन जहां उन्नति व प्रगति का प्रतिक है, वहीं हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत रहेगा। युगपुरूष 'बिश्नोई रत्न' चौ. भजनलाल ने दिल्ली सहित गुरुग्राम में भी समाज के लिए आधुनिक धर्मशाला का सपना देखा था, जो आज पूरा हुआ। इस अवसर पर स्वामी रामानंद जी, सुभाष देहडू, पतराम बिश्नोई, सोम परकाश बिश्नोई, रणधीर पनिहार, कमल सिंह, जगदीश कड़वासरा, रामस्वरूप माझू, बलदेव खोखर,, सहदेव कलीराना, निहाल सिंह गोदारा, संदीप सास्त्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




### कुलदीप बोले, प्रतिमाएं लगाने के पीछे होते हैं विशेष कारण

मैं समस्त समाज से अपील करता हूँ कि इसी तरह अपना सहयोग निरंतर बनाए रखे। आदमपुर मुकाम, जाम्भा, हिसार के बाद गुडगांव में भी आज चौ. भलनलाल की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। उनकी जयंती पर प्रतिमा का अनावरण उनको हमारी सच्ची श्रद्धांजली है। हम प्रतिमाएं क्यों लगाते हैं। इसके पीछे विशेष कारण है। एक महान पुरूष की प्रतिमा जब लोग देखते हैं तो उन्हें अपने जीवन में भी आगे बढने की प्रेरणा मिलती है कि यह महान व्यक्ति जब विपरित परिस्थतियों के बावजूद इतना कुछ कर सकता है तो हम भी कर सकते हैं। आज जब हम महात्मा गांधी जी, डॉ. भीमराव अंबेडकर जी, भगत सिंह जी, सरदार पटेल जी जैसी महान विभूतियों की प्रतिमाएं देखते हैं तो उनका जीवनकाल हमारे सामने आ जाता है। इसी प्रकार चौ. भजनलाल जी भी ऐसी शख्सीयत थे, जिन्होंने अपने जीवन में असाधारण काम किए और बिश्नोई समाज को एक विशेष पहचान दिलाई तथा केन्द्रीय मंत्री व हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने समाज की 36 बिरादरी के हितों की रक्षा करते हुए सामाजिक उत्थान की दिशा में अनेक ऐसी नीतियां लागू की, जो आगे चलकर मील का पत्थर सिद्ध हुई। चौ. भजनलाल जी कोई साधारण इंसान नहीं थे। बंटवारे के समय उनकी जेब में मात्र 5 रूपए भी नहीं थे, न ही उनकी पीढ़ियों में कोई व्यक्ति दूर-दूर तक राजनीति में था बावजूद इसके अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर वे पंच, ब्लॉक समिति चेयरमैन से लेकर विधायक, मंत्री, सांसद, केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री पद के ओहदे तक पहुंचे। वे ऐसे इंसान थे, जिनके जादुई व्यक्तित्व से उनका विरोधी भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका।



### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'बिश्नोई समाज' के गौरव को बढ़ाने के लिए काम करेंगे

उन्होंने कहा कि मैं सभा के सभी साथियों से कहना चाहता हूँ कि जिस प्रकार से पूर्व में हमने एकजुटता से राजनीतिक व सामाजिक बुलंदियों को राष्ट्रीय स्तर पर छुआ है, उसी प्रकार भविष्य में भी हमारी एकजुटता की डोर को और ज्यादा मजबूती से बांधकर हम राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्टीय स्तर पर 'बिश्नोई समाज' के गौरव को बढ़ाने के लिए काम करेंगे। इसके लिए अगर कोई सबसे ज्यादा जरूरी चीज है तो वह समाज की एकजुटता ही है। एकजुटता में वो ताकत है जो बड़े-बड़े असंभव दिखने वाले कार्य को भी संभव बना सकती है।



### गुरुग्राम की तरह ही जयपुर में भी इस तरह का भव्य भवन जल्द से जल्द बनकर तैयार होगा

कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि जयपुर में भी बिश्नोई धर्मशाला के निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। हमारा प्रयास है कि गुरुग्राम की तरह ही जयपुर में भी इस तरह का भव्य भवन जल्द से जल्द बनकर तैयार हो। महासभा इसके लिए पूरी तरह से जुटी है।

### कोई साधारण इंसान नहीं थे चौ. भजनलाल : भव्य बिश्नोई

आदमपुर से विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा कि आज मेरे दादाजी की 93वीं जयंती है इस मौके पर स्व. भजन लाल स्मृति सदन एवं प्रतिमा का लोकार्पण किया गया है और उसे जनता को समर्पित किया गया है । उन्होंने कहा कि चौ. भजनलाल जी ऐसी शख्सीयत थे, जिन्होंने अपने जीवन में असाधारण काम किए और बिश्नोई समाज को एक विशेष पहचान दिलाई तथा केन्द्रीय मंत्री व हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने समाज की 36 बिरादरी के हितों की रक्षा करते हुए सामाजिक उत्थान की दिशा में अनेक ऐसी नीतियां लागू की, जो आगे चलकर मील का पत्थर सिद्ध हुई। चौ. भजनलाल जी कोई साधारण इंसान नहीं थे। बंटवारे के समय उनकी जेब में मात्र 5 रुपये भी नहीं थे, न ही उनकी पीढ़ियों में कोई व्यक्ति दूर-दूर तक राजनीति में था बावजूद इसके अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर वे पंच, ब्लॉक समिति चेयरमैन से लेकर विधायक, मंत्री, सांसद, केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री पद के ओहदे तक पहुंचे। वे ऐसे इंसान थे, जिनके जादुई व्यक्तित्व से उनका विरोधी भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। लोकसभा के चुनाव पर उन्होंने कहा की पार्टी हाईकमान जो फैसला लेगा और जो मुझे जिम्मेदारी दी जाएगी मैं उसपर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा ।



## खबर फटाफट

### विभिन्न क्षेत्रों में निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा



**गुरुग्राम।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत नगर निगम गुरूग्राम द्वारा एक अक्तुबर से शुरू की गई अमृत कलश यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निकाली जा रही है। यात्रा के तहत ढ़ोल-नगाड़ों के साथ निगम टीम अलग-अलग स्थानों पर जाकर अभियान के बारे में आमजन को जानकारी दे रही है। उल्लेखनीय है कि एक अक्तुबर को गुरूग्राम के विधायक सुधीर सिंगला तथा निगमायुक्त पीसी मीणा द्वारा सदर बाजार से अमृत कलश यात्रा की शुरूआत की थी। यात्रा के तहत सदर बाजार, सैक्टर-15, सैक्टर-14, सैक्टर-31, सैक्टर-40, आकाश पब्लिक स्कूल, भीमगढ़ खेड़ी, अशोक विहार, राजकीय विद्यालय सैक्टर-14, प्रगति आरडब्ल्यूए सैक्टर-17, सैक्टर-17सी, स्वरूप गार्डन, राजकीय विद्यालय सैक्टर-4, सूरज स्कूल, सैक्टर-56 व सैक्टर-27 का क्षेत्र कवर किया जा चुका है। आगामी दिनों में कुतुब प्लाजा, डीएलएफ शॉपिंग मॉल, सैक्टर-45, सैक्टर-10ए, सैक्टर-9, चिल्र्डन पैराडाईज स्कूल, सैक्टर-23ए, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, सैक्टर-47, ग्लेरिया मार्केट, नई बस्ती, भोंडसी, सैक्टर-102 धनकोट, बजघेड़ा, नूरपुर सहित अन्य स्थानों पर अमृत कलश यात्रा जाएगी।

### जिला में 17 अक्टूबर से शुरू होगा बाल महोत्सव

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल महोत्सव 2023 का आयोजन कर रही है। डीसी एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में गुरुग्राम जिला में यह महोत्सव 17 अक्टूबर से शुरू होगा। महोत्सव के तहत सभी प्रतियोगिताएं सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद के हॉल में आयोजित की जाएंगी। महोत्सव को व्यापक रूप देने के लिए जिला के सभी सरकारी व निजी स्कूलों को कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा भेजी जा चुकी है।जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम के लिए चार आयु वर्ग बनाये गए हैं। कक्षा पांचवी तक प्रथम वर्ग, कक्षा छठी से आठवी द्वितीय वर्ग,कक्षा नोवीं से दसवी तक तृतीय वर्ग व कक्षा ग्यारहवी से बारहवीं तक चतुर्थ वर्ग।

# मोदी सरकार हर वर्ग की चिंताओं का कर रही समाधान : पूजा कपिल मिश्रा

### भाजपा कार्यालय गुरुकमल में ट्रांसजेंडरों को किया सम्मानित : गार्गी कक्कड़

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड की अध्यक्षता में महिला मोर्चा गुरुग्राम द्वारा शुक्रवार को ट्रांसजेंडरों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिलेभर से काफी ट्रांसजेंडरों ने सम्मान समारोह में भाग लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सभी ट्रांसजेंडरों का पार्टी कार्यालय गुरुकमल में आने पर फूलमालाओं से स्वागत किया। बता दें कि मिशन 2024 को जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का महिला मोर्चा प्रदेश की हर नारी शक्ति तक पहुंच बनाने में जुटा हुआ है। दो दिवसीय संगठनात्मक प्रवास के दौरान हर जिले में मोदी सरकार की योजनाएं और महिलाओं की चुनाव में भूमिका को लेकर महिला मोर्चा सम्मेलनों, बैठकों के जरिए चर्चा कर रहा है। सम्मान समारोह में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने ट्रांसजेंडरों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार तथा राज्य की मनोहर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। पूजा कपिल मिश्रा ने कहा कि भाजपा अंत्योदय की भावना से काम करने वाली पार्टी है। मोदी सरकार और हरियाणा सरकार हर वर्ग की चिंताओं का समाधान कर रही है। पार्टी ने पहली बार ट्रांसजेंडरों के साथ बैठकों और सम्मेलनों की योजना बनाई है। इन बैठकों के जरिए ट्रांसजेंडरों की समस्याओं और उनकी जरूरतों पर चर्चा की जा रही है। पूजा मिश्रा ने बताया कि यह संभवतः पहली बार है कि भाजपा ट्रांसजेंडर समुदाय तक पहुंची है। इस समुदाय को अक्सर समाज द्वारा बहिष्कृत नजरों से देखा जाता रहा है। यह समाज नौकरियों और शिक्षा के अवसरों से वंचित रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग दिवस पर ट्रांसजेंडरों को बुलाकर उनका मान बढ़ाया था।




### सम्मानित होने पर ट्रांसजेंडरों ने की मोदी सरकार की तारीफ

भाजपा द्वारा पहली बार सम्मानित होने पर ट्रांसजेंडरों ने मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने उनके समुदाय के बारे में सोचा है और उन्हें मान सम्मान दिया है वह काफी प्रशंसनीय है। मोदी सरकार द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के हितों के लिए जो काम किया जा रहा है उसके उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। आज हुए सम्मान से ट्रांसजेंडर सोनिया, सोना दास, मासूम, पूजा दास, सुंदरी शर्मा, महक मिश्रा, मुध शर्मा, तान्या सिंह, नेना, जान मोनी, संगीता, माही, हर्षिता, रोहिणी, कविता सोनिया, काजल, कनिष्का, अंजलि वर्मा, रूबी, रोमा गौर गौरी मिश्रा गदगद नजर आई और मोदी सरकार की जमकर तारीफ की।

### शहरी स्थानीय निकाय मंत्री से बोधराज सीकरी ने की मुलाकात



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी ने प्रदेश के शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता से चंडीगढ़ स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गुरुग्राम से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बोधराज सीकरी ने कहा कि डा. कमल गुप्ता प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। शहरी व स्थानीय निकायों में उनकी सहभागिता महत्वपूर्ण है और आमजन की समस्याओं के निदान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने न केवल उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुना, बल्कि कई समस्याओं का निवारण करने का आश्वासन भी दिया। उनकी बातों से सकारात्मकता झलकती है। उनके सकारात्मक कार्यों से आज प्रदेश की जनता खुश है।

**बैठक** | स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित समिति ने की बैठक

# विज्ञापन से राजस्व बढ़ाने पर दिया जोर

**भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा**

गुरुग्राम। स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के चेयरमैन एवं विधायक रामकुमार कश्यप की अध्यक्षता में गुरूग्राम में आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम गुरूग्राम में विज्ञापन/होर्डिंग के बारे में समीक्षा की गई। समिति में चेयरमैन के साथ विधायक जगदीश नायर, विधायक घनश्याम सर्राफ, विधायक डा. बिशन लाल सैनी, विधायक रामनिवास तथा विधायक बिशम्बर सिंह शामिल थे। चेयरमैन विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि नगर निगम गुरूग्राम द्वारा चालू वित्त वर्ष में हरियाणा म्यूनिसिपल विज्ञापन उपनियम-2022 की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए अपनाई जा रही नई प्रक्रियाओं तथा विज्ञापन से राजस्व बढ़ौतरी तथा अनाधिकृत विज्ञापनों पर कार्रवाई के मामले में नगर निगम गुरूग्राम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में जितना राजस्व पूरे वर्ष में जुटाया जाता था, उससे अधिक चालू वित्त वर्ष में 6 माह के दौरान नगर निगम गुरूग्राम द्वारा जुटाया गया है। इसके लिए उन्होंने नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त पीसी मीणा व उनकी टीम को बधाई भी दी। विशेष रूप से निगमायुक्त द्वारा विज्ञापन विंग में समय-समय पर स्टाफ बदलाव की प्रक्रिया अपनाने की सराहना समिति द्वारा की गई तथा कहा कि नगर निगम गुरूग्राम द्वारा अपनाई जा रही नई प्रक्रियाएं अन्य निगमों द्वारा भी अपनाई जानी चाहिएं।बैठक में निगमायुक्त पीसी मीणा ने सदस्यों को समीक्षा के दौरान बताया कि नगर निगम गुरूग्राम द्वारा हरियाणा म्यूनिसिपल विज्ञापन उपनियम-2022 की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से लगे यूनिपोल तथा अन्य विज्ञापनों को हटाने के लिए लगातार बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि निगम विज्ञापन से होने वाले राजस्व में बढ़ावा हो सके, इसके लिए तीन सूत्री फार्मूला पर कार्य कर रहे हैं। निगमायुक्त ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक नगर निगम गुरूग्राम द्वारा 310 विज्ञापन स्वीकृति दी गई हैं।



### निगमायुक्त ने 310 विज्ञापन को दी स्वीकृति

निगमायुक्त ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 310 विज्ञापन स्वीकृति दी गई हैं। इनमें 153 यूनिपोल, 16 वॉलरैप, 99 सेल्फ साईनेज, 25 बिलबोर्ड, 10 ट्रेन रैपिंग, 2 इवैंट, 4 एलईडी तथा एक पायलॉन की स्वीकृति शामिल है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में विज्ञापनों से 50 करोड़ रूपए से अधिक का राजस्व जुटाने का लक्ष्य है, जिसमें से अब तक 27 करोड़ रूपए का राजस्व जुटाया जा चुका है। गत वित्त वर्षों में जुटाए गए राजस्व के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2019-20 में 15.45 करोड़ रूपए, वित्त वर्ष 2020-21 में 9.44 करोड़ रूपए, वित्त वर्ष 2021-22 में 14.66 करोड़ रूपए तथा वित्त वर्ष 2022-23 में 26.82 करोड़ रूपए का राजस्व विज्ञापन से जुटाया गया था।

### आरकेएसए मल्टी स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से हुई स्केटिंग प्रतियोगिता

# फिजिकली फिट रहने के लिए स्केटिंग भी है बेहतर खेल : सुंदर लाल यादव

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। आरकेएसए मल्टी स्पोर्ट्स एकेडमी ने जिला के गांव गढ़ी-हरसरू में स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से आए 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच सुंदर लाल यादव व समाजसेवी राजकपूर ने किया। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि अकादमी का खेल के विकास के प्रति समर्पण सराहनीय है। वह गुरुग्राम में खेल के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्केटिंग खेल बचपन से ही बच्चों को चुस्त-दुरुस्त बनाता है। बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है। प्रतियोगिता के साथ बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत बनते हैं। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि अपने छोटे बच्चों को एथलेटिक्स खेलों में जरूर भेजें। बच्चों का शारीरिक विकास बेहतर तरीके से होता है। समाजसेवी राजकपूर ने कहा कि हमारी खेलों के प्रति अधिक रुचि होनी चाहिए। खेलों के माध्यम से हम आगे बढ़ सकते हैं। बच्चों को उनकी रूचि के खेलों में शामिल करें। उन्हें उचित प्रशिक्षण दिलाएं, ताकि बच्चों को खेलों का हर तरह का ज्ञान हो सके। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से हमारे देश के युवाओं ने देश का दुनिया में नाम चमकाया है। इस अवसर पर दयाराम चेयरमैन, पहलाद यादव वॉइस चेयरमैन, धर्मबीर यादव प्रधान मैपस्को कासा बेला सोसायटी, चन्द्रपाल यादव, दीपक यादव, राजेश यादव, मोगली यादव, रवि यादव, गोल्डन यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्केटिंग प्रतियोगिता में ब्लू बेल पब्लिक स्कूल ने पहला स्थान प्राप्त किया। सन सिटी स्कूल ने दूसरा स्थान और यदुवंशी शिक्षा निकेतन सेक्टर-82 ने तीसरा स्थान पाया।



## खबर फटाफट

### श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ से पहले निकाली कलश यात्रा



**तावडू ।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित माता वैष्णों मंदिर में श्रीपितृपक्ष के अवसर पर मोक्षदायनी श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार को आयोजन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। यह जानकारी मंदिर के पुजारी राजू भारद्वाज ने दी। उन्होंने बताया कि कथाव्यास उत्तराखण्ड देवभूमि धाम हरिद्वार से पूज्या देवी मधू अपनी मधुर वाणी से कथा करेंगी। जिन्होंने शुक्रवार को कलश यात्रा में भाग लिया। यह कलश यात्रा प्रातः काल श्रीवैष्णो देवी माता मंदिर से लखपत चौक, बावला चौक, पुरानी अनाजमंडी सहित तावडू शहर से भ्रमण करते हुए, सनातन धर्म मंदिर चांदना मौहल्ला से जल भर कर पुनः मंदिर पहुंची। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक कथा की जाएगी। वहीं 10 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन संध्या का आयोजन जगदंबा जागरण मडंल रब्बू एंड पार्टी द्वारा किया जाएगा। आगामी 14 अक्टूबर को शहर की पुरानी अनाज मंडी में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में विशाल भण्डारे का आयोजन कया जाएगा।

### ब्लाक समिति सदस्य ने उपायुक्त को विकास कार्य न होने पर दी शिकायत

**तावडू ।** उपमंडल तावडू ब्लाक समिति सदस्य ने जिला उपायुक्त को दी गई शिकायत में बताया कि ब्लाक समिति की मिटिंग तय समय पर न होने के कारण गांव के विकास कार्य में बाधाएं आ रही हैं। यह जानकारी ब्लाक समिति चेयरमैन हसन खान ने दी। उन्होंने बताया कि उपमंडल तावडू में ब्लाक समिति सदस्यों की पहली मिटिंग गत 14 मार्च को हुई थी। इस मिटिंग में ग्रांट का वितरण कर दिया गया था। जिसका कार्य अभी तक शुरू नहीं किया हुआ। जबकि दूसरी ग्रांट को आए हुए लगभग 6 माह हो चुके हैं। बार-बार मिटिंग रद्द होने से सभी गांवों के विकास कार्यों में बाधा आ रही है। उन्होंने लिखित पत्र में दर्शाया कि दूसरी मिटिंग को जल्द से जल्द कराया जाए, ताकि गांव के विकास कार्य आरंभ हो सकें।

### जी-20 थीम पर ग्रीन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में की गई पेंटिंग प्रतियोगिता

**नूंह।** ग्रीन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ा खलीलपुर के प्रांगण में जी 20 थीम के आधार पर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की



प्रदेश महामंत्री अंजली मिश्रा ,विशिष्ट अतिथि जिला नूंह के भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र पटेल रहे । इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहन करते हुए उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अंजू बाला, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा गंगा दान डागर ,लोकसभा प्रभारी महिला मोर्चा विधु बाला, जिला प्रभारी हेमलता तंवर, ममता सिंह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, निशा सैनी और विद्यालय प्रबंधक कमेटी की सचिव सुषमा डागर, प्रिंसिपल राजेंद्र दीक्षा गुप्ता, मीनू खटाना ,संगीता चौहान, फिरदौस ,लता रानी, शीतल खटाना, मनीषा मंजू, भारती ,संगीता गुप्ता, खुशबू गुप्ता ,विनोद पवार, ललित कुमार डागर सहित प्रमुख महिलाओं ने फूलमाला से मुख्य अतिथि का स्वागत किया और मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने पेंटिंग और रंगोली का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने बच्चों को काफी प्रोत्साहित किया और उनकी प्रशंसा करके बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इतना ही नहीं जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यालय में जिला नूंह में पहला ही कार्यक्रम हुआ है। जिससे कि यह सुनकर बच्चों में और उत्साह बढ़ा कि हमने जी-20 के थीम पर सबसे पहले कार्य किया है और बच्चों से जी 20 के विषय में भी सवाल पूछे गए ,जिसमें बच्चों ने काफी बेहतर कार्य करते हुए सवालों का जवाब दिया। इस दौरान भाजपा नेता गंगा दान डागर ने कहां कि सभी को इस तरह के कार्यक्रम स्कूलों में करने चाहिए ताकि बच्चों का मानसिक विकास हो सके।

### युवाओं एवं महिलाओं को नए वोट बनवाने पर दिए जाएंगे आकर्षक उपहार

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेन्द्र खे गटा ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने युवाओं एवं महिलाओं को नए वोट बनवाने पर आकर्षक उपहार देने की अनूठी पहल की है। इसके तहत 1 अक्टूबर से 9 दिसम्बर तक वोट बनवाने वालों को 5 जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से निकाले ड्रा में लैपटॉप, स्मार्ट फोन और पेन ड्राइव दिए जाएंगे। इसके अलावा इस अवधि के दौरान नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को टी-शर्ट प्रदान की जाएंगी। धीरेंद्र खगटा ने बताया कि एक अक्टूबर से 9 दिसंबर तक नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को 3 लैपटॉप 2 स्मार्टफोन तथा 100 पेन ड्राइव उपहार के रूप में प्रदान किए जाएगें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से एक जनवरी 2006 के बीच हुआ है और उन्होंने अपना वोट नहीं बनवाया है। वह वोटर हेल्पलाइन पर ऑनलाइन फॉर्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। इसके साथ ही आकर्षक इनाम भी पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिनकी आयु जनवरी, अप्रैल, जुलाई व अक्टूबर में 18 वर्ष हो जाती है।

# भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रिय के चलते बौखलाई भाजपा , राहुल को बता रहे रावण : कांग्रेस

### नारेबाजी कर भाजपा सरकार पर जमकर निकाली भड़ास

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। कांग्रेस जिला मुख्यालय नूंह पर मेवात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन कर भाजपा द्वारा राहुल गांधी की तुलना रावण से करने पर कड़ा विरोध जताया है। गुरुवार को कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस मामले का संज्ञान लेकर भाजपा पर निशाना साधा था और कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगातार भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने से भाजपा बौखलाकर आपा खो रही है और उनकी तुलना रावण से करने का दुस्साहस कर बैठी है। विधायक आफताब अहमद ने कहा था कि राहुल गांधी भाजपा सरकार से लगातार सवाल पूछ रहे हैं



जिससे प्रधानमंत्री तक असहज होते दिखाई दिए। सरकार अदानी मामले, युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, महिलाओं पर बढते अत्याचार, पैट्रोल डीजल रसोई गैस के दामों, मणिपुर व हरियाणा हिंसा, किसानों के मुद्दों, गरीब मजदूर, छोटे दुकानदार आदि के मुद्दों पर राहुल गांधी के सवालों से भागती नजर आई है। जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर प्रदर्शन कर रहे पीसीसी डेलीगेट शरीफ ने कहा कि राहुल गांधी हर वर्ग की आवाज उठा रहे हैं, जिससे भाजपा की नींव हिल गई और उस गांधी को रावण कह रही है जिनके परिवार ने देश के लिए शहादत दी और आजादी की लड़ाई लड़ी। इस दौरान पीसीसी सदस्य शरीफ अे बर, समसू ठेकेदार रहणा, आमिल चैयरमैन सालाहे ी, वहीद सलम्बा, संजय सरपंच बैंसी, ईशा मालब, हाजी जुम्मा सालाहे ी, आजाद सरपंच पले ी, इखलास नूह, हाजी बसीर सालाहे ी, रहमान मेवली, जमील सुल्तानपुर, अकबर टपकन, उस्मान सत्पुतियाका, रहमान जोगीपुर, शमीम रहनिया, मोटा रानिका, जाहुल मेवली, ताहिर नंगली व अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### भाजपा के घमंड का अंत नजदीक

वहीं प्रदर्शन कर रहे शमशुद्दीन रहणा ने कहा कि जनता भाजपा के दुस्साहस को बखूबी देख रही है, भाजपा सरकार व उनके घमंड का अंत नजदीक है। आमजन भाजपा के कुशासन से त्रस्त है, ना रोजगार है, ना महंगाई से राहत, भाजपा सरकार सिर्फ धर्म के नाम पर बांटकर ही राजनीति करना चाह रही है। लेकिन जनता इन्हें समझ चुकी है। नूंह ब्लाक चेयरमैन पति आमिल जुम्मा ने कहा की भाजपा सरकार को लोगों के असली मुद्दों से कोई सरोकार नहीं रही है, वो बस अनर्गल टिप्पणी कर ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार हर वर्ग के बीच जाकर उनके मुद्दों को भाजपा सरकार के समक्ष उठा रहे हैं जिससे सरकार बौखलाकर उनके उपर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रही है जिसका कांग्रेस कार्यकर्ता जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## मांगों को लेकर 27 अक्टूबर को सीएम आवास का करेंगे घेराव : रीता धारीवाल

### आंगनबाड़ी वर्करों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। हरियाणा में बीते लंबे समय से आंगनवाड़ी वर्कर व कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं। शुक्रवार को नूंह जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर मनोहर लाल खट्टर सरकार के ि लो मोर्चा खोलकर ज़ोरदार प्रदर्शन किया। लघु सचिवालय पहुंची सैकड़ो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और सीटीएम गजेंद्र सिंह को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बीजेपी-जेजेपी गठबंधन की सरकार पर वादा खिलो ी और अनदेखी का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार अपने ही वादों को अमल में लाने पर चुप्पी साधे हुए है। सरकार ने जो पहले वादा किया था सरकार उस वादे को भी नहीं पूरा कर पा रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन डीसी कार्यालय में सीटीएम को सौंपा। इस मौके पर जिला भर की सैकड़ो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहीं।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला प्रधान रीता धारीवाल ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2018 में अपनी मांगों को लेकर धरना



### सरकार पर वादा खिलाफी और अनदेखी का लगाया आरोप

प्रदर्शन किया था, तब उस समय हरियाणा सरकार के साथ सहमति बनी थी कि वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 1500 रुपए और सहायिका को 750 रुपए हर महीने की बढ़ोतरी की जाएगी , लेकिन हरियाणा सरकार ने आज तक बढाई हुई रकम जारी नहीं की है। जिसके चलते आंगनबाड़ी कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि अगर हरियाणा सरकार ने



उनकी मांगे नहीं मानी तो 27 अक्टूबर को प्रदेश की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पंचकूला सीएम आवास का घेराव करेंगी।

### तावडू में बाजरे की आवक हुई कम

## 81 किसानों के कटे गेट पास

### जब तक बारदाना नहीं आ जाता, बाजरे का उठान भी नहीं हो पाएगा

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू । शहर की नई अनाजमंडी में बाजरे की आवक अब टूटने लगी है। बुधवार को डाक्टर अशोक खेमका के आने से पूर्व चार दिन तक सरकारी खरीद ऐजंसी ने बाजरे की खरीद नहीं की थी। जिसको लेकर गेट पास भी किसानों को नहीं मिल पाए थे। लेकिन खेमका के आने पर लगभग 12 बजे किसानों की समस्या का समाधान कर दिया था। जिसको लेकर बुधवार को अनाजमंडी में साढे 13 हजार क्विंटल बाजरे की खरीद हैफेड ऐजंसी ने की थी। लेकिन शुक्रवार को बाजरे की आवक में कमी आई और केवल 81 किसानों की 1673 क्विंटल बाजरे की आवक हुई। फिलहाल बारदाने की कमी के चलते खरीदा हुआ बाजरा खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है। वहीं जब तक बारदाना नहीं आ जाता, बाजरे का उठान भी नहीं हो पाएगा। गत 4 अक्टूबर को 18 हजार क्विंटल सरकारी खरीदे हुए बाजरे का उठान हो पाया था। जोकि उस दिन तक आधा उठान बनता है। इस बारे में मार्किट कमेटी सचिव विजय कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि बुधवार को चार दिन बाद बाजरे की खरीद को लेकर किसानों की भारी मारामारी रही। वहीं किसानों को लग रहा था कि बाजरा मात्र बुधवार को ही खरीदा जाएगा।



### आवक 1 लाख 26 हजार 538 क्विंटल की हो चुकी

बताया कि इस वर्ष बाजरे की आवक 1 लाख 26 हजार 538 क्विंटल की हो चुकी है। जबकि गत वर्ष इस समय तक बाजरे की आवक 75 हजार 573 क्विंटल थी और गत वर्ष पूरे सीजन में बाजरे की आवत 1 लाख 14 हजार क्विंटल ही हो पाई थी। उन्होंने बताया कि बाजरे की हैफेड ऐजंसी 22 सौ रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद कर रही है। जबकि सरकार द्वारा 3 सौ रूपए क्विंटल भावंतर भरपाई योजना के तहत किसानों को दिया जाएगा। उन्होंने माना कि बारदाने की कमी ऐजंसी के पास है, जिससे पूरा बारदाना मंडी में न पहुंचने से काफी परेशानी व्यापारी वर्ग को उठानी पड रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शुक्रवार देर सांय बारदाने की कमी ऐजंसी द्वारा पूरी कर दी जाएगी।

## मुक्केबाजी में रेफरी जज बने अजय धामीवाल, क्षेत्र में फैली खुशी

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू । उपमंडल के गांव जौरासी निवासी अजय धामीवाल नेशनल लेवल के 2 स्टार रेफरी जज बन गए हैं। जिसको लेकर शहर व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने उनके परिवारवालों को बधाईयां दी। अजय धामीवाल ने बताया कि इस पद के लिए परीक्षा 8 से 14 जुलाई तक अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर में आयोजित हुई थी। जिसमे अजय ने हरियाणा की तरफ से यह परीक्षा उत्तीर्ण की है । अजय धामीवाल उक्त परीक्षा पास करने वाला मेवात का पहला युवक है, जो नेशनल लेवल का रेफरी जज है। अजय पहले भी राज्य राष्टीय स्तर पर मुक्केबाजी में पदक जीतकर मेवात का नाम रोशन कर चुका है। अजय एनआईएस डिप्लोमा क्वालिफाइड कोच भी है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि मेवात में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर हरियाणा मुक्केबाजी के अधिकारी ने बधाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### पिनगवां में 14 अक्टूबर से किया जाएगा श्री राम लीला का मंचन

## यहां 120 साल से हो रही है रामलीला

### पिनगवां की रामलीला में देखने को मिलती है हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। मेवात जिले के पिनगवां कस्बे में पिछले 120 सालों से राम लीला का मंचन होता आ रहा है। इस दौरान रामलीलाओं में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिलती है। आपको बता दें पिनगवां में 14 अक्टूबर से राधा रमन नाटक मण्डल बाबा माखन दास अखो ा द्वारा श्री राम लीला का भव्य मंचन किया जाएगा। उक्त जानकारी रामलीला के कलाकारों की मीटिंग में श्री रामलीला के प्रधान शेखर सिंगला ने दी । प्रधान शेखर सिंगला ने बताया कि 14 अक्टूबर को बाग वाले मन्दिर के ग्राउंड में भूमि पूजन और झंडा पूजन किया जाएगा व बाबा माखन दास जी के अखाड़े की जोत प्रज्वलित की जाएगी। उन्होंने बताया कि करीब 120 सालों से पिनगवां कस्बे में रामलीला का मंचन लगातार होता चला आ रहा है। कस्बे के बुजुर्ग व गणमान्य लोग रामलीलाओं में अपना पूरा सहयोग देते है। आपको बता दें कि पिछले 120 सालों से पिनगवां में रामलीलाओं का मंचन होता आ रहा है। पिनगवां के कलाकारों के साथ-साथ यहां की रामलीला में ब्रिज के कलाकार भी अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लेते हैं। इतना ही नहीं यहां की रामलीलाओं में हिंदू मुस्लिम एकता देखने को मिलती है। इस बार रामलीला का विशेष आकर्षण अपने कस्बे के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। श्री राम लीला के संरक्षण यादराम गर्ग ने कहा कि 14 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन किया जाएगा। कस्बे व आप-पास के गांवों से आने वाले लोगों के लिए बैठने की पूरी व्यवस्था श्री रामलीला कमेटी द्वारा की गई है। इस मौके पर अरुण गौतम, रोशन गौतम, तरुण गोयल, विजय पटेल, रोकी गर्ग , सरपंच मनोज कुमार, राकेश गौतम , नवीन गौतम,भव्य गौतम, मोहर सिंह, राजपाल बिंदल, खिच्छू राम, आदि मौजूद थे।



**कार्यक्रम** — बाल विज्ञान कांग्रेस है सशक्त माध्यम

## मेवात के विकास के लिए बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत करें शिक्षक : ख्वाजा रफी

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। राष्टीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मेवात इंजिनरिंग कॉलेज पल्ला नूह में जिला शिक्षा विभाग, हरियाणा विज्ञान मंच एवं कवल्या फाउंडेशन (पिरामल फाउंडेशन) के सहयोग से किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अथिति जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल रहे । कार्यशाला के उद्घाटन सत्र मे बाल विज्ञान कांग्रेस के अलुमनी मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर ख्वाजा रफी ने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चों मे विज्ञान की खोजों एवं विज्ञानिको के अविस्कारो के बारे में अवशय बताये जिला समन्वय कुसुम मलिक ने बताया हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के दिशा निर्देश पर मुख्य थीम स्वास्थ्य और कल्याण के लिए परितंत्र को समझना विषय पर आधारित पांच उप-विषय में कार्यशाला केंद्रित रहा। उन्होंने बताया कि मेवात से पिछले तीन वर्ष से बाल विज्ञानिक राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे है । वर्ष 2018 से 125 से अधिक बाल विज्ञानिको ने शोध पत्र प्रस्तुत किये है । इसका उद्देश्य बच्चों में प्राकृतिक नैसर्गिक जिज्ञासा एवं सृजनात्मकता विकसित करने के लिए मंच प्रदान करना है एवं 10 वर्ष से 17 वर्ष के बच्चों को राष्ट्र के भविष्य के प्रति सार्थक सपना संजोने व उन्हें साकार करने के लिए प्रोत्साहित कर एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करने से हैं, जो समाज और राष्ट्र के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायित्व हो सके। कार्यशाला में जिले के सीनियर सेकंडरी, हाई स्कूल, माध्यमिक विद्यालयों के 160 विज्ञान शिक्षक शामिल हुए। विषय विशेषज्ञों ने सभी थीम पर प्रोजेक्ट आईडिया, लॉग बुक, सर्वे रिपोर्ट, चार्ट तथा प्रोजेक्ट के विभिन्न बिंदुओं पर बारीकी से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन जिला अकादमी समन्वयक डॉ पवन कुमार यादव ने किया तथा कहा कि बाल विज्ञान कांग्रेस के माध्यम से मेवात मे जमीन स्तर पर विज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का कार्य करना होगा। कवल्या फाउंडेशन (पिरामल फाउंडेशन) के जिला को-ओर्डिनेटर शशांक त्रिवेदी ने बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए जमीनी स्तर पर सहभागिता करने पर कार्ययोजना को सांझा किया द्व जिला विज्ञान विशेषज्ञ रामकिशन ने कहा कि विज्ञान शिक्षण मे प्रोजेक्ट आधारित तरीका अपनाकर बच्चों मे विज्ञान के प्रति लगन उत्पन्न की जा सकती है। इस दौरान प्राचार्य मनबीर, परवीन सैनी, विकास यादव, जितेंद्र दलाल, आनंद कुमार, दिनेश गोयल, गाँधी फ़ेलो अमृता, ऋषिकेश, पवन देशमुख, वैभव सहित 160 विज्ञान शिक्षक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने गत वर्ष जिले से राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में भागीदारी करने के लिए सोनिया, कस्मीना और लेक्चरर राजगोपाल को प्रमाण पत्र देकर समानित किया गया एवं जिला स्तर पर स्थान प्राप्त करने पर को सम्मानित किया गया। जिला स्तर के लिए योगदान करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।





### बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने में शिक्षकों की भूमिका अहम : चहल

डीईओ परमजीत चहल ने कहा बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने में विज्ञान शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। आप सभी शिक्षक कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न कर समाज और राष्ट्र की प्रति संवेदनशील बनाएं। विषय विशेषज्ञ व्याख्याता किरण यादव ने कहा बच्चों में वैज्ञानिक चेतना विकसित करने का राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस सशक्त माध्यम है। इससे नई आविष्कार को दिशा मिलेगी। विषय विशेषज्ञ प्राचार्य डॉ रेखा रानी, व्याख्याता डॉ संजय, डॉ जितेंद्र ने पारिस्थितिक तंत्र को किस प्रकार रिस्टोर कर सकते हैं इसकी जानकारी दी।

## खबर फटाफट

### आवासीय कॉलोनी को नियमित करने पर जिला अध्यक्ष ने सीएम का जताया आभार



**रेवाड़ी।** शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान नगर पालिका कार्यालय में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के लाइव संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए धारूहेड़ा पहुंचे। मुख्यमंत्री की घोषणा के उपरांत भाजपा जिला अध्यक्ष ने समस्त जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं तथा धारूहेड़ा की जनता की तरफ से मुख्यमंत्री का रेवाड़ी में आवासीय कॉलोनी को नियमित करने पर धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। इस दौरान डीएमसी रेवाड़ी, कंवर सिंह चेयरमैन, प्रवीण नगर पालिका सचिव, वाइस चेयरमैन अजय जांगड़ा, मनोज सैनी पार्षद, मंडल अध्यक्ष, देवराज महामंत्री, इंद्रपाल मुकदम, कृष्ण, पार्षद नानक, युधवीर फोगाट, धर्मवीर पार्षद, सत्यप्रकाश एमई, बीआई नवल किशोर एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### घर में झूलता मिला दो बच्चों की मां का शव

**रेवाड़ी।** शहर के पॉश इलाके मॉडल टाउन स्थित एक घर में दो बच्चों की मां का का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका पाया गया। सूचना के बाद रेवाड़ी पहुंचे महिला के मायका पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। मॉडल टाउन पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। यह आत्महत्या है या हत्या पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार अंबाला जिले के शहजादपुर निवासी हरीश कालरा ने बताया कि उनकी 45 वर्षीय बहन कविता का विवाह 1995 में रेवाड़ी शहर के मॉडल टाउन निवासी अनिल कुमार से हुआ था। उन्होंने बताया कि गुरुवार देर रात्रि उन्हें अनिल कुमार के पड़ोसियों ने सूचना दी कि उनकी बहन की तबीयत खराब है, जबकि अनिल कुमार के परिवार ने इसकी कोई सूचना हमें नहीं दी। जबकि कविता की दिन में उनकी बहन से बातचीत भी हुई थीं। सूचना मिलने के उपरांत सुबह करीब पांच बजे वे रेवाड़ी पहुंचे। जब वे अपनी बहन के घर पहुंचे तो ससुराल वालों ने बताया कि कविता ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है। हरीश ने आरोप लगाया कि उनकी बहन ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसकी हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया गया है।
हरीश ने बताया कि उनकी बहन कविता के दो बच्चे एक लडे ा व एक लडे ी है। उनके बहनोई की रेलवे रोड़ पर दुकान है। वह लगातार उनकी बहन को काफी समय से परेशान करता आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें पूरा शक है कि उनकी बहन की हत्या की गई है।
सूचना के बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद नागरिक अस्पताल पहुंचवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है।

### प्रियांशी यादव बेस्ट बुलबुल अवार्ड से सम्मानित

**रेवाड़ी।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स हरियाणा द्वारा हरियाणा के राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में गांव जोनावास स्थित ऋषि पब्लिक स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा प्रियांशी यादव को बेस्ट बुलबुल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्या सावित्री यादव स्कूल की छात्रा के साथ थी। उन्होंने बताया की हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के द्वारा स्कूल की छात्रा का सम्मानित किया जाना स्कूल के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बच्ची के अभिभावक को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## किन्नरों के दो गुटों में फिर हुआ झगड़ा

### पुलिस के साथ भी की अभद्रता

**सड़क पर निर्वस्त्र होकर किया हंगामा, छह किन्नरों सहित नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज**

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। शहर के कालाका रोड़ पर शुक्रवार को किन्नरों के दो गुट एक बार फिर आमने-सामने हो गए। ऐरिया को लेकर हुए विवाद में दोनों गुटों में झगड़ा हो गया तथा कुछ किन्नरों ने नग्न होकर जमकर हंगामा मचाया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस के साथ भी अभद्रता की। जिसके बाद पुलिस ने छह किन्नरो सहित नौ लोगों को हिरासत में ले लिया है। गौरतलब है कि गत आठ सितंबर को भी स्थानीय झज्जर चौक के निकट किन्नरों के दो गुट भिड़ गए थे। जिसमें पांच किन्नर घायल हो गए थे।
जानकारी के अनसार शहर के कालाका रोड़ पर किन्नरों का एक गुट खड़ा हुआ था। इसी दौरान दूसरा गुट भी वहां पहुंच गया। जिसके बाद दोनों गुटों में ऐरिया को लेकर पहले कहासुनी हुई तथा उसके बाद झगड़ा शुरु हो गया। किन्नरों के दोनों दलों ने एक-दूसरे के साथ गाली-गलौच करते हुए अभद्रता शुरु कर दी। इतना ही नहीं झगड़ा होने पर दोनों ओर से डंडों से भी हमला किया गया। झगड़े की सूचना के बाद डॉयल-112 की टीम मौके पर पहुंची तो दोनों गुट आपस में झड़ा कर रहे थे। जब पुलिस ने दोनों पक्षों के मध्य बीच-बचाव का प्रयास किया तो किन्नरों ने पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्रता शुरु कर दी। इतना ही नहीं कुछ किन्नरों ने सडे पर ही अपने कपड़े उतार दिए तथा नग्न होकर हंगामा करने लगे। मामला बढ़ता देख सूचना के बाद मॉडल टाउन थाना से अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया। पुलिस ने मौके से छह किन्नरों सहित नौ लोगों को हिरासत में ले लिया तथा उन्हें थाने ले गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, अभद्रता व गाली-गलौच आदि धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शहर में ऐरिया को लेकर किन्नरों के गुटों में आए दिन होने वाले झगड़ों से शहरवासियों में भी भय का माहौल बना हुआ है।

---

विधायक की अध्यक्षता में आयोजित हुई अनुसूचित जातियों, जन जातियों तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की बैठक

# विभागाध्यक्ष अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं विभाग की योजनाओं का लाभ: जरावता

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। हरियाणा विधानसभा सचिवालय की अनुसूचित जातियों, जन जातियों तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की (स्पोट विजिट) बैठक शुक्रवार को कमेटी अध्यक्ष एवं पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता की अध्यक्षता में लोकनिर्माण विश्राम गृह में आयोजित हुई। बैठक में कमेटी के सदस्य विधायक रेवाड़ी चिरंजीव राव, विधायक रेनूबाला, विधायक शीशपाल सिंह सहित विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव, महानिदेशक ग्रामीण विकास विभाग हरियाणा डा. जयकृष्ण अभीर, अवर सचिव कंवर सिंह, डीसी राहुल हुड्डा, एसपी दीपक सहारण, एसडीएम कोसली जयप्रकाश, प्रतिवेदक बलराज सिंह, रंजीत सिंह, रत्नलाल, सहायक शमशेर सिंह, सुनील त्यागी, डीडीपीओ एचपी बंसल, जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में पहुंचने पर डीसी राहुल हुड्डा ने कमेटी के अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता सहित कमेटी सदस्यों का स्वागत किया। कमेटी अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा सचिवालय की अनुसूचित जातियों, जन जातियों तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति अनुसूचित जातियों, जन जातियों तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। समिति का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित व पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का निरीक्षण करना है ताकि अंतिम व्यक्ति का विकास हो और उन्हें न्याय मिले। समिति विभागों की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण करती है। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष सकारात्मक रूप से अपने दायित्वों व कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने विभाग की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। विधायक सत्यप्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कमेटी ने जिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, जिला न्यायवादी, डीडीपीओ विभाग, कृषि एवं कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कमेटी ने बैठक में संबंधित अधिकारियों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के साथ हुए अत्याचार के मामलों में पीड़ित व्यक्तियों को मुआवजा देने, अत्याचार के मामलों में सजा की दर, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, एससी और बीसी वर्ग के लोगों को सौ-सौ वर्ग गज के प्लाट के आवंटन बारे, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों से संबंधित कम्पोनेंट प्लान के बजट राशि के उपयोग बारे में विस्तार से समीक्षा की और रिपोर्ट तलब करते हुए योग्य लाभपात्रों को अविलंब योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए।

**योजनाओं करें प्रचार**

अध्यक्ष जरावता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागों से संबंधित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करें तथा इन योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री सार्वजनिक स्थानों पर लगवाएं ताकि पात्र व्यक्ति समय पर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर लाभांवित हो सके।

## नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों से ठगे 13.80 लाख रुपये

**आरोपियों में दो युवक झज्जर डीसी कार्यालय में है कार्यरत**


भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। रेवाड़ी के एक युवक को हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर तथा दूसरे को इंकम टैक्स विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 13 लाख 80 हजार रुपये ठग लिए गए। धोखाधड़ी करने वालों में झज्जर उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत दो कर्मचारी भी शामिल है। शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कर कार्रवाई शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर की सती कालोनी निवासी रोहित सैनी ने बताया कि उसकी महेंद्रगढ़ जिले के गांव गढ़ी निवासी अंकित से अच्छी जान-पहचान है। जो कि झज्जर उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत है। रोहित के अनुसार 2021 में अंकित ने उसे बताया कि हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर की जॉब निकली है। उसकी जानकारी के लोग सब इंस्पेक्टर की नौकरी लगवा सकते हैं। इसके लिए उसे दस लाख रुपये देने होंगे। जिसके बाद दोनों में दस लाख में बात होने पर रोहित ने सब इंस्पेक्टर के फार्म भर दिए तथा 55 हजार अंकित के बैंक खाते से दे दिए। इसके बाद रोहित ने आरोपी को एक लाख 25 हजार रुपये और दे दिए। साथ ही बचे हुए पैसे ऑफर लेटर मिलने के बाद देने की बात कही। कई महीनों तक जब नौकरी संबंधी कोई लेटर नहीं मिला तो रोहित ने अंकित से संपर्क किया। अंकित ने बताया कि अभी नौकरी पर रोक लगी है। रोक हटते ही नौकरी लगवा देगा।
इसी दौरान रोहित के मित्र रामबास निवासी प्रवीण की उससे मुलाकात हुई। अगस्त 2022 में आरोपी अंकित ने प्रवीण को कानपुर स्थित इंकम टैक्स विभाग में नौकरी दिलाने की बात कहते हुए दस लाख रुपये मांगे। जिसके बाद प्रवीण ने रोहित के मार्फत आरोपी को दस लाख रुपये दे दिए। इसी बीच झज्जर डीसी कार्यालय के ही एक अन्य कर्मचारी संजय से आरोपी अंकित ने उनसे मिलवाया। साथ ही रोहतक निवासी अर्जुन तथा राहुल से भी उनकी मुलाकात करवाई। पैसे लेने के बाद आरोपी प्रवीण को कानपुर लेकर गया। वहां इंकम टैक्स का कार्यालय दिखाया तथा उसे कुछ कागजात दिए। यहां उसकी तीन लोगों से मुलाकात भी कराई। आरोपियों ने उसे विश्वास दिलाया कि जल्द ही उसे इंकम टैक्स विभाग में नौकरी मिल जाएगी। इसके उपरांत आरोपियों ने दो लाख रुपये संदीप नामक व्यक्ति के खाते में प्रवीण से ट्रांसफर करा लिए।काफी समय बीत जाने के बाद जब दोनों की नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने आरोपियों से संपर्क करना शुरु किया। पहले तो आरोपी नौकरी लगवाने की बात कहते रहे, लेकिन जब दोनों युवाओं ने अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। जिसके बाद रोहित व प्रवीण ने शहर थाना में शिकायत दी। शहर थाना पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## बावल के विकास के लिए 201.92 लाख मंजूर : बनवारी लाल

**14 गांवों की होगी कायाकल्प**

भरोसा मित्र ब्यूरो



**रेवाड़ी।** हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के तहत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बावल विधानसभा क्षेत्र के 14 गांवो में विकास कार्यो के करवाने की मंजूरी प्रदान गई है। इन पर 201.92 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। डा. बनवारी लाल ने बावल विधानसभा क्षेत्र में विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए ग्रांट मंजूर करने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की कार्यशैली हमेशा से ही एक समान विकास की रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार व प्रदेश की मनोहर सरकार ने समाज के सभी वर्गों व देश-प्रदेश के सभी क्षेत्रों का विकास समान रूप से किया है व विकास प्रक्रिया में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया। उन्होंने बताया कि बावल हलके के खण्ड खोल के 8, खण्ड बावल के 4 तथा खण्ड धारूहेड़ा के गांव नन्दरामपुर में विकास कार्य करवाए जाएगें। उन्होंने बताया कि इन गांवों के रास्ते, गंदे पानी की निकासी हेतू पाईप लाईन, खेल मैदान की चारदीवारी, बास्केटबाल ग्राउण्ड, व्यायामशाला में ट्रेक बनाने आदि कार्य करवाए जाएगें। सहकारिता मंत्री ने बताया कि मामडि ा आसमुपर में 30.28 लाख रुपए की लागत से फिरनी व रास्ते का निर्माण, शहबाजपुर इस्तमुरार में 9.97 लाख रुपए की लागत से गंदे पानी की निकासी हेतू पाईप लाईन डालना तथा खालेटा से बुरोली तक रास्ते का निर्माण करवाया जाएगा। इस पर 26 लाख रुपए की लागत आएगी। इसी प्रकार मामडि ा अहीर में 5 लाख रुपए की राशि से नगंला रास्ते का निर्माण, अहरोद में 10 लाख खर्च कर रास्ता तथा बलवाड़ी में 20.63 लाख की लागत से अनुसूचित जाति बस्ती में खेल मैदान की चारदिवारी व रास्ते का निर्माण, चितादुंगड़ा में 10 लाख रुपए से व बासदुडा 20 लाख रुपए से रास्ते का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि धारूहेड़ा खण्ड के गांव नन्दरामपुर बास व ढाणी सत्यवान में 16.97 लाख रुपए खर्च कर रास्ते तथा बावल के गांव अलवापुर में 10.79 लाख रुपए की लागत से बास्केट बाल का ग्राउण्ड तथा व्यायामशाल में घूमने के लिए ट्रेक का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा देवलावास चांदपुर में रेलवे लाईन से मुस्लिम ढाणी तक रास्ते पर 24 लाख रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा देवलवास गुज्जीवास तथा देवलवास में 11.30 लाख रुपए से रास्तों का निर्माण करवाया जाएगा।

## बूथ स्तर पर अभियान चलाकर महिलाओं को पार्टी की नीतियों से कराया जाएगा अवगत : ऋचा पांडे

**दिल्ली भाजपा की महिला प्रदेशाध्यक्ष ने रेवाड़ी दौरे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत**

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत रेवाड़ी पहुंची दिल्ली भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पांडे एवं जिला प्रभारी सरला यादव ने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। जिसमे मुख्य रूप से आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों से मिलना एवं माजरा में आंगनवाड़ी वर्करों से मुलाकात, स्कूली बच्चों से मुलाकात तथा उन्हे मोबाईल के सदुपयोग के विषय में जानकारी देने के साथ-साथ उन्हे अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। इसके अलावा उन्होंने ब्रह्मकुमारी आश्रम में अलौकिक ज्ञान के विषय में बहनों से चर्चा करते हुए अलग-अलग बूथों पर बूथ सखियो के साथ बैठक भी की। शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान ने दोनों अतिथियों का सम्मान का प्रतीक शाल व चुनरी ओढाकर स्वागत किया। सभी महिला कार्यकर्ताओ को बताया कि 2024 में लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। मोदी सरकार में क्या उपलब्धियां रही हैं। इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार अभियान चलाए जाते हैं। लेकिन इस बार का अभियान सिर्फ महिलाओं के लिए है। जिसमें महिलाओं को यह समझाने का प्रयास होगा कि 33 फीसदी आरक्षण जो महिलाओं के लिए मिलेगा यह उनके लिए किस तरह से लाभकारी होगा। साथ ही जिला अध्यक्ष ने सभी को बेटी बचाओ बेटी पढाओ, हर घर शौचालय, उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मातर वंदन एवं पोषण योजना सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं के बारे में भी आवागत कराया। प्रवास पर आई दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पांडे ने कहा की महिला मोर्चा महिलाओं को जागरुक करने के उधेश्य से बूथ स्तर तक अभियान चलाएगी। इस अभियान के जरिए टीम महिलाओं के बीच में जाएगी, जो घर-परिवार और अपने काम में व्यस्त रहती हैं। महिलाओं के लिए हमारी सरकार क्या कर रही है यह बताने का प्रयास हो रहा है।इस दौरान महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पिंकी यादव, महामंत्री नीरू भारद्वाज, कृपा जयमीनी, सुमन चौहान, बाल कल्याण प्रदेश उपाध्यक्ष पारिशा शर्मा, दीपा भारद्वाज, कविता गुप्ता, जय माला कौशिक, सीमा गुप्ता, अंजू गोयल, पुष्पा बाधराना, संतोष यादव, विनीता पीपल, कुमारी गीता सहित समस्त महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## उपभोक्ता कमिशन ने एमएम मोटर्स को दिए 4 लाख का मुआवजा देने के आदेश

**इंश्योरेंस कम्पनी को भी दिए 3 लाख 50 हजार रूप्ये एमएम मोटर्स को देने के आदेश**

भरोसा मित्र ब्यूरो

**रेवाड़ी।** जिला रेवाड़ी उपभोक्ता कमिशन ने शहर के एमएम मोटर्स पर एंबुलेंस को समय पर ठीक न करने व हेंड ओवर करने मे देरी पर 4 लाख रूप्ये की अदायगी मानसिक प्रताडऩा, आर्थिक नुक्सान व हरासमेंट के रूप में देने के आदेश जारी किए है। इसके साथ ही उपरोक्त अदायगी 9 प्रतिशत वार्षिक दर के हिसाब से ब्याज के साथ अदा करने तथा 11 हजार रूप्ये अधिवक्ता शुल्क देने का आदेश पारित किया है। बीमा कम्पनी को भी एमएम मोटर्स को रिपेयरिंग का पूरा बिल अर्थात 3,50,571 रूपये की अदायगी करने के आदेश दिए है। साथ ही एमएम मोटर्स को एक माह के अंदर.अंदर एंबुलेंस हेंड ओवर करने के आदेश पारित किए है। जानकारी देते हुए एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने बताया कि जिले के गांव साल्हावास निवासी जितेश अग्रवाल ने ने एक एंबुलेंस वर्ष 2021 में खरीदी थी तथा 17 अप्रैल 2022 को वह गाड़ी एक्सीडेंट हो गई थी। जिसको उसी दिन रिपेयरिंग के लिए एमएम मोटर्स के पास भेज दिया गया था।
एमएम मोटर्स ने पार्टस के लिए रिक्वायरमेंट भेज दी थी तथा सर्वेयर को बुलाकर इंश्योरेंस के लिए कागजी कार्यवाही कर दी थी। परंतु पीड़ित को लगभग 1 साल 5 माह बीत जाने के बाद भी अपनी गाड़ी ठीक होकर नहीं मिली। जिस कारण उसे आर्थिक व मानसिक प्रताडऩा झेलनी पड़ रही थी। जिसके बाद उसे उपभोक्ता कमिशन की शरण लेनी पड़ी। शिकायतकर्ता ने यह गाड़ी लोन पर ली हुई थी, जिसका उसे प्रतिमाह लगभग 25 हजार की राशि का भुगतान करना पड़ रहा था। एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने बताया कि उपभोक्ता कमिशन के प्रधान संजय कुमार खंडूजा व सदस्य राजेन्द्र प्रसाद की बेंच ने सभी पक्षों को सुनने के बाद एमएम मोटर्स व यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी को दोषी पाया और शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया क्योंकि एमएम मोटर्स ने समय पर गाड़ी को रिपेयर करके नहीं दिया था तथा जीरो डेप्ट इंश्योरेंस होने के बावजूद अलग से पैसों के भुगतान की बात की जा रही थी क्योंकि इंश्योरेंस कम्पनी ने कुछ पार्टस के पैसों का भुगतान करने से मना कर दिया था। इसलिए कमिशन ने शिकायतकर्ता उपभोक्ता के पक्ष में अपना निर्णय सुनाया।

### हरियाणा सरकार सांझी कला को जीवित रखने के लिए निरंतर प्रयासरत

**रेवाड़ी।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा व हरियाणा लोक कला संघ रोहतक के संयुक्त तत्वाधान में सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा के महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक रोहतक स्थित एंडी स्टूडियो में सांझी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सांझी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें राज्य की महिला कलाकार भाग ले सकेंगी। विजेता महिला कलाकारों को प्रथम पुरस्कार 51,000 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 31,000 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 21,000 सहित 11000-11000 हजार रुपए के दो सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।डीआईपीआरओ बिजेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नौ दिवसीय उत्सव में सांझी के गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सांझी हरियाणा की लोक पारंपरिक कला का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी मजदूर की मौत

भरोसा मित्र ब्यूरो

नारनौल। अटेली कनीना चौक पर हुए एक हादसे में उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी एक प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। इस बारे में मृतक के जीजा ने पुलिस में बयान दिया है। जिसके बाद पुलिस ने एक ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में हाथरस निवासी पवन कुमार ने बताया कि वह यहां पर टाइल पत्थर लगाने का काम करता है। गत दिवस वह कनीना से अटेली काम देखने के लिए आया था। वह अपने साले कृष्ण कुमार के इंतजार में कनीना अटेली चौक के फ्लाईओवर के नीचे खड़ा हुआ था। इस दौरान उसका साला कृष्ण अपनी बाइक लेकर कनीना की तरफ से आया। वहीं इसी समय एक ट्रैक्टर ट्राली चालक नारनौल की ओर से तेज गति से अपना ट्रैक्टर ट्राली लेकर आया। जिसने कृष्ण कुमार की बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक एक बार रुका फिर वहां से फरार हो गया। आने जाने वाले व्यक्तियों ने लिफ्ट देकर घायल को सीएचसी अटेली पहुंचाया जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर अवस्था के चलते हुए नारनौल रेफर कर दिया।

**नमन** | जयंती पर याद किए गए लोक कवि मास्टर नेकीराम

# सांग सम्राट थे लोक कवि मास्टर नेकीराम : रंगा

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। प्रसिद्ध सांग सम्राट व लोककवि मास्टर नेकीराम की 108वीं जयंती पर शुक्रवार को उन्हें याद किया गया। क्षेत्र के अनेक लोगों ने उनके पैतृक गांव जैतड़ावास स्थित स्मारक स्थल पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मास्टर नेकीराम साहित्य एवं लोक नाट्य कला संरक्षण परिषद् के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम इस अवसर पर पूर्व मंत्री डा. एमएल रंगा, हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन कृष्ण कुमार व समाजसेवी रमेश ठेकेदार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।
इस मौके पर डा. एमएल रंगा ने मास्टर नेकीराम द्वारा लोक संस्कृति और समाजसेवा क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें लोक रंगमंच को समृद्ध करने वाला सांग सम्राट बताया। इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि मास्टर नेकीराम ने लगभग 6 दशक तक हरियाणवी लोक संस्कृति और सांग कला का संरक्षण व संवर्धन करते हुए अनेक जनहित के कार्य करवाए। रमेश ठेकेदार ने कहा कि मास्टर नेकीराम ने ना केवल हजारों लौकिक रची बल्कि अनेक शिक्षाप्रद रचनाओं से समाज में जागृति लाने का सफल प्रयास किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रदेश सरकार से मास्टर नेकीराम के नाम पर साहित्यिक पुरस्कार और आईजीयू में चेयर स्थापित करने की मांग रखी।
इस मौके पर परिषद् के अध्यक्ष सुंदरलाल भांडोरिया, हलचल हरियाणवी, डा. शिवताज सिंह, चौ. भूपेंद्र सिंह, आलोक भांडोरिया, महेंद्र सिंह, पूर्व इंस्पेक्टर शिवलाल, रामचंद्र, सुरेंद्र कुमार, श्योचंद, हरिकृष्ण, हरिसिंह, मास्टर जलसिंह, सतबीर, पूर्व सरपंच अजय, सरपंच प्रतिनिधि रामफल, सतबीर रूढ़, जगदीश, रमेश, विजय, अजय, देवेंद्र, पुरुषोत्तम पंकज आदि मौजूद रहे।

**मास्टर नेकीराम की स्मृति में कवि सम्मेलन कल**

परिषद् के कोषाध्यक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सांग सम्राट व लोक कवि मास्टर नेकीराम की स्मृति में रविवार को हरियाणा कला परिषद् अंबाला मंडल और मास्टर नेकीराम साहित्य एवं लोकनाट्य कला संरक्षण परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 11 बजे कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। हास्य कवि आलोक भांडोरिया के संचालन में होने वाले इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के हास्य कवि युसूफ भारद्वाज, महेंद्र शर्मा, स्टैंडअप कॉमेडियन दीपक सैनी, सुनहरी लाल तुरंत, संजय पाठक सहित कई स्थानीय कवि काव्य पाठ करेंगे। झज्जर चौक स्थित रविदास मंदिर एवं हॉस्टल में होने वाले इस समारोह में कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव और राजकुमार यादव मुख्य अतिथि होंगे जबकि अध्यक्षता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष वीपी यादव करेंगे।

## सरकार ने हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना की अधिसूचित

भरोसा मित्र ब्यूरो

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने व गांव में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2023-24 अधिसूचित की गई है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों और नगर निकायों को विभिन्न प्रकार का खेल का सामान अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यानि 31 मार्च 2024 तक वैध रहेगी। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि हरियाणा सरकार की इस योजना से जिला में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा इन खेलों की ओर उन्मुख होंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतें व शहरी निकाय इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए तभी पात्र होंगे यदि संबंधित गांव व शहर में संबंधित खेल के लिए उचित खेल का मैदान (एफओपी) उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, क्रिकेट को शामिल किया गया है, जिसके तहत खेल का सामान उपलब्ध कराया जाएगा। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में जिला खेल अधिकारी के कार्यालय में जमा किए जाएंगे, जिसकी उचित रसीद आवेदक को दी जाएगी। इस प्रकार प्राप्त आवेदनों का रिकॉर्ड इस प्रयोजन के लिए बनाए गए रजिस्टर में प्राप्ति के कालानुक्रमिक क्रम में दर्ज किया जाएगा। आवेदन किसी भी कार्य दिवस में जमा करवाए जा सकते हैं। ग्राम पंचायतों के मामले में, संबंधित गांव का सरपंच आवेदन जमा करा सकता है। सरपंच का पद रिक्त होने की स्थिति में ग्राम सचिव आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## खबर फटाफट

### पेंटिंग प्रतियोगिता में ललित ने किया प्रथम स्थान प्राप्त



**नारनौल।** जिला रेडक्रास सचिव महेश गुप्ता के मार्गदर्शन में आज राजकीय प्राथमिक पाठशाला पटीकरा में नशा मुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा व रक्तदान विषयों पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस मौके पर प्राथमिक सहायता प्रवक्ता पवित्रा यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल स्तर पर जो भी प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं उन सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से उत्साह की भावना पैदा होती है। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी का ललित कुमार प्रथम तथा नेहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### विवाद मामलों से संबंधित लोक अदालत 12 को

**नारनौल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार आगामी 12 अक्टूबर को न्यायिक परिसर नारनौल में पारिवारिक विवाद मामलों से संबंधित लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आमजन इस लोक अदालत में केस लगवाकर केसों का निपटारा करवाएं। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने दी।

### सांसद 9 को करेंगे जनसंवाद

**नारनौल।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह आगामी 9 अक्टूबर को नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जन संवाद कार्यक्रम करेंगे। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आगामी 9 अक्टूबर को नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव हसनपुर में सुबह 9 बजे जन संवाद कार्यक्रम करेंगे। इसके बाद 11 बजे रामबास में, दोपहर 12 बजे धानोता, 2 बजे मारोली, 3 बजे नापला, 4 बजे पवेरा व 5 बजे नारेहड़ी में जनसंवाद कार्यक्रम कर लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

### हकेवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभाग के सभी विद्यार्थियों ने विभाग के सभी कक्षाओं व प्रयोगशालाओं की सफाई की। विभाग के सभी विद्यार्थियों ने एक स्वयंसेवक के रूप में लगभग दो घंटे तक विभाग के टेलिविजन स्टूडियो, सभी कक्षा रूम, लैब व शैक्षणिक खंड चार में स्वच्छता अभियान चलाया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अशोक कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा से पूरे विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार व शुक्रवार को विभाग में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। विभाग के शिक्षक डा. सुरेंद्र व डा. नीरज कर्ण सिंह की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक आलेख नायक, डा. भारती बत्रा, सभी शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### नगर पालिका कर्मचारी संघ की आम मीटिंग आयोजित

**नारनौल।** स्थानीय नगर पालिका कर्मचारी संघ की एक आम बैठक आयोजन प्रधान राहुल सारवण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें वाल्मीकि समाज के युवा साथी नवनीत वाल्मीकि ने बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर इंडिया का खिताब जीतने पर फूल मालाओं से स्वागत किया।
इकाई के प्रधान सुरेश कुमार, प्रताप सिंह, सचिव महावीर प्रसाद, राज्य कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया एवं नगर पालिका कर्मचारी संघ ने तीन नवम्बर को जो बकाया एरियर व महेंद्रगढ़ व नांगल चौधरी में एलटीसी नहीं दी गई है उस पर चर्चा की। चर्चा में सर्व सहमति से यह फैसला लिया गया कि समय रहते नगर प्रशासन ने इन मांगों पर जल्द से जल्द कार्य कार्यवाही नहीं गई तो 21 अक्टूबर को नगर पालिका कर्मचारी काम छोड़ हड़ताल करेंगे, जिसका जिम्मेवार स्वयं नगर प्रशासन होगा। इस अवसर पर सफाई कर्मचारी निरंजन लाल, अमित कुमार, देवा नंद, गिरवर, सुनील बोयत, राजेश, भीम, कमल, दौलत, श्याम सुन्दर, आशु, राजाराम, निरंजन, पूर्ण चंद, मनोज, गीता देवी आदि अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

### पंचायत समिति की बैठक में पंचायत कार्यालय के भवन की रिपेयर करने का बजट पास

**मंडी अटेली।** पंचायत समिति अटेली की एक बैठक पंचायत कार्यालय में समिति चेयरमैन राजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक पिछली कार्यवाही की पुष्टी करना और सरकार द्वारा प्राप्त राशि वितरण करने बारे दो विशेष एजेंडा रहे। बैठक में बीडीपीओ कार्यालय के कमरे का पेंट, भवन की छत कर रिपेयर, सभी कमरों में वाईट वास, फर्नीचर व सीमेंट गोडाउन आदि बनाने की मांग की गई। बैठक में कई समिति सदस्य ग्रान्ट ने देने पर नाराजगी जताई। बैठक में ग्रांट का ही मुद्दा उठता रहा बीडीपीओ नवदीप, पंचायत राज एसडीओ नरेन्द्र सिंह के अलावा समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### पंकज गौड़ को किया सम्मानित

**नारनौल।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर आयोजित उमंग-2023 में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलेडा में कार्यरत डा. पंकज गौड़ को केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ। डा. पंकज गौड़ के 40 से अधिक वीडियो की ई-अधिगम के अंतर्गत है एजुसेट के माध्यम से प्रसारित होते हैं। 20 घंटे से अधिक की ई-सामग्री उन्होंने शिक्षा विभाग को प्रदान की है। नैतिक शिक्षा की कक्षा 6 से 8 के लिए निर्धारित पुस्तकों में वे पाठ्य पुस्तक निर्माण समिति के सदस्य रहे हैं। विभाग द्वारा कक्षा 1 से 5 के लिए निर्धारित उड़ान कार्य पुस्तिका भाग-1,कार्य पुस्तिका भाग-2, शिक्षक संदर्शिका भाग एक, शिक्षक संदर्शिका भाग-2 के निर्माण समिति के सदस्य रहे हैं। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा हरियाणा के रिसोर्स पर्सन के रूप में राष्ट्रीय कैंपों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एनसीईआरटी तथा एससीईआरटी के की-रिसोर्स पर्सन के रूप समय समय पर अपनी सेवाएं देते हैं।

---

अंतरजातीय विवाह करने वाले युवक द्वारा फांसी लगाने का है मामला

# आठ दिन बाद भी मोर्चरी से नहीं उठाया शव

### परिजन व विभिन्न संगठनों का धरना-प्रदर्शन जारी, संघर्ष समिति ने की निंदा

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। नागरिक अस्पताल हिसार में राजथल हिसार निवासी मृतक सुमित का मोर्चरी में गत आठ दिन से रखे शव को लेकर आरोपियों को गिरफ्तार ना करने के मामले में परिजन व सामाजिक संगठनों का धरना-प्रदर्शन लगातार जारी है। इस मामले में कड़ा रूख अपनाते हुए रोष स्वरूप विभिन्न संगठनों द्वारा महेंद्रगढ़ रोड़ स्थित संघर्ष समिति कार्यालय में एकत्रित होकर संयुक्त हस्ताक्षर से सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान व समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी व अन्य पुलिस के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करने और राहत के तौर पर पीड़ित परिवार को 50 लाख व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मुहैया कराने की मांग की है और हिसार प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया गया। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए संघर्ष समिति के महासचिव बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि 22 वर्षीय राजथल हिसार निवासी सुमित द्वारा 29 सितम्बर को अमरदीप कॉलोनी हिसार में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली गई थी। परिजनों का आरोप है कि युवक द्वारा अंतर्जातीय विवाह के फलस्वरूप उसे आत्महत्या के लिए उकसा कर मजबूर किया गया है। राजथल के सुमित ने जींद स्थित संगतपुरा की युवती रितू से अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था, उसके बाद दोनों अमरदीप कॉलोनी हिसार में किराए पर रहते थे। सुमित ने 29 सितम्बर को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी, उसका भाई व दो बहनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया था। मृतक का शव गत आठ दिन से मोर्चरी में रखा हुआ है और परिजन व विभिन्न सामाजिक संगठन लगातार नारेबाजी व धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गत 05 अक्तूबर को इस जघन्य कृत्य में रोष स्वरूप भारी संख्या में जनसमूह एकत्रित होकर नेशनल एलायंस फार दलित ह्यूमन राइट्स के संयोजक एडवोकेट रजत कल्सन और भीम आर्मी के नेता प्रदीप धनखड़ के संयुक्त नेतृत्व में जनसमूह व विभिन्न संगठनों द्वारा नारेबाजी करते हुए एडीजीपी कार्यालय हिसार के सम्मुख मुख्यमंत्री का पुतला फूंका और साथ साथ यह चेतावनी भी दी गई कि तीन दिन में यदि आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो करनाल में सीएम आवास को घेरने के लिए बाध्य होंगे। जिसमें हरियाणा का समस्त वंचित समाज सम्मिलित होगा। इस अवसर पर नारेबाजी कर रोष प्रदर्शन व जघन्य कृत्य की निंदा करने वालों में अखिल भारतीय आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के प्रधान लालाराम नाहर, सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान, महासचिव बिरदी चंद गोठवाल, राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के संगठन सचिव किशनलाल लुहानीवाल, संघर्ष समिति के प्रमुख सलाहकार व धानक सभा के शिवनारायण मोरवाल, हरियाणा प्रदेश चमार महासभा के जिलाध्यक्ष अनिल फाण्डन, महर्षि वाल्मीकि सभा के प्रधान जोगेंद्र जैदिया, उपाध्यक्ष राजेश चांवरिया, धानक सभा के प्रधान एवं पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना, डॉ भीमराव अम्बेडकर जनजागृति मंच के प्रधान जसवंत भाटी, कोली समाज की सभा के प्रधान तोताराम, खटीक सभा के पतराम खिंची, कबीर सामाजिक उत्थान संस्था के प्यारेलाल चवन व सुमेर सिंह गोठवाल, भारतीय सामाजिक परिवर्तन संघ के रामभरोसे भीम व अमरनाथ सिरोहा, सैनी समाज के रामचंद्र, प्रजापति के प्रवीण आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

# वोट की ताकत समझें, लोकतंत्र के लिए करें मतदान

### लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत और अधिकार वोट का अधिकार है : डा. पूर्ण प्रभा

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय के यूथ रेडक्रास प्रकोष्ठ महिला प्रकोष्ठ द्वारा और एनएसएस द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा और उपायुक्त मोनिका गुप्ता के दिशा निर्देशन में प्राचार्य डा. पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में विद्यार्थियों को वोट बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. पूर्ण प्रभा ने विद्यार्थियों को बताया कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत वोट के रूप में जनता विशेषकर युवाओं के हाथ में दी गई है, लेकिन आमतौर पर देखने में आता है कि लोग अपनी इस ताकत का इस्तेमाल ही नहीं करते। ऐसे में वह कैसे अपनी मन-माफिक प्रतिनिधि व सरकार चुनने की बात कर सकता है। लोकतंत्र के इस महाकुंभ में सभी मतदाताओं को अपनी आहुति डालनी चाहिएं और बढ़चढ़ कर नई वोटर आईडी बनाकर अपनी मातृभूमि और देश की आन शान को हमेशा उच्च रखने में सहायक होना चाहिए। भारत देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसका सबसे बड़ा पर्व मतदान है। जिसमें युवा अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। क्योंकि वोट से ही बदलाव और विकास की दिशा और दशा तय कर सकते हैं। इस अवसर महिला मोर्चा पंजाब प्रांत प्रभारी उपदेश अंदौतरा और उनकी टीम द्वारा विद्यार्थियों को मत की महत्ता को और नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत मत और नशा मुक्ति जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जिन विद्यार्थियों की आयु 18 वर्ष और उससे अधिक है वे राष्ट्र और समाज कल्याण के लिए अपनी वोटर आईडी बनाकर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में अपनी विशिष्ट पहचान और भूमिका बनाएं। इस मौके पर रेडक्रास प्रकोष्ठ के प्रभारी डा. चंद्रमोहन ने विद्यार्थियों को वोट बनवाने वोट का सही इस्तेमाल और साथ ही नशा मुक्ति जागरूकता शपथ दिलाई। महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डा. पलक ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में शनिवार को एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे महाविद्यालय के विद्यार्थी अपने नये वोटर आईडी कार्ड निशुल्क बनवा सकते हैं। महाविद्यालय कुलसचिव डा. सत्य पाल सुलोदिया ने बताया कि इसके लिए सभी विद्यार्थी अपनी नई फोटो और आधार कार्ड के साथ लेकर आएं। इस नये वोटर आईडी कार्ड बनवाने और वोट का सही इस्तेमाल करने हेतु एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर डा. सतीश सैनी, डा. प्रियंका शर्मा, कविता रानी, डा. गीता रानी, डा. कृति, डा. सोमलता, डा. मनप्रीत आदि सभी स्टाफ सदस्यों के साथ सैकड़ों विद्यार्थियों मौजूद थे।

# अटेली बस स्टेंड पर बना महिला शौचालय को लगा रहता है ताला

भरोसा मित्र

### महिलाएं खुले में शौच करने के लिए मजबूर

मंडी अटेली। अटेली बस स्टैंड पर बना महिला शौचालय को हमेशा ताला लगा रहता है। जिससे महिला यात्रियों, विशेषकर कॉलेज की छात्राओं को बाहर शौच करते समय शर्मिन्दगी उठानी पड़ती है। अटेली बस स्टैंड पर पिछले साल भर से पुरुष व महिला दोनों शोचालय बंद पड़े है। बस स्टैंड पर कोई दूसरा वैकल्पिक समाधान नहीं। सबसे हैरानी की बात यह है कि अटेली में आस-पास सार्वजनिक स्थानों पर शोचालय नहीं बने है। महिला यात्रियों और कॉलेज की छात्राओं व पुरुषों के लिए शौचालय की कमी के चलते बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। इस समस्या के कारण बस स्टैंड पर महिलाएं और कॉलेज की छात्राएं यात्रा के दौरान असुविधा का सामना कर रही हैं। इसके परिणामस्वरूप उनकी सुरक्षित और आरामदायक यात्रा पर प्रभाव पड़ रहा है। शौचालय की कमी के चलते, महिलाएं यात्रा के बस स्टेन्ड के बाहर कोई गुप्त स्थान शौच के लिए तलाशती है जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। बताया जा रहा है कि बस स्टेन्ड पर बना शौचालय की कुई काफी दिनों से भरी हुई है। कुई को साफ कर शौचालय को चलाने की बजाय संबंधित कर्मचारियों ने इस पर ताला जड़ दिया तथा अपना पल्ला झाड़ लिया। कमांडो नरपत सिंह ने बताया की कितनी विडंबना है कि आजादी के 75 साल बाद भी देश की महिलाओं को खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। एक और तो सरकार ओडीएफ मुक्त करने की बात करती है वही अटेली में महिलाओं को खुले में शौच करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। तेजप्रकाश चंदपुरा ने बताया की खुले में शौच जाने से महिलाओं और लड़कियों को शर्मिन्दी उठानी पड़ती है। बस स्टैंड में शौचालय सुचारू रूप से नहीं चलने का सबसे अधिक खामियाजा गर्भवती महिलाओको उठाना पड़ता है।

सीआईए नारनौल की बड़ी कार्रवाई

# मैच पर सट्टा खिलाते सात गिरफ्तार

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

### 3 लैपटॉप, 12 मोबाइल व अन्य सामान बरामद

नारनौल। सीआईए नारनौल की टीम ने थाना निजामपुर क्षेत्र में निजामपुर से वर्ल्ड कप के न्यूजीलैंड-इंग्लैंड टीम के क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाते 7 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सीआईए नारनौल की टीम ने आरोपियों के पास से 3 लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन आदि अन्य सामान बरामद किया है। आरोपियों की पहचान मनीष वासी मोहल्ला छबलपूरा बहरोड़ राजस्थान, दीपक वासी निजामपुर, संदीप वासी निजामपुर, अमित वासी निजामपुर, कुलदीप वासी निजामपुर, राहुल वासी मौहल्ला फ्रांसखाना नारनौल व अंकित वासी जमालपुर थाना खेतड़ी राजस्थान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना निजामपुर में मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के निर्देशानुसार सीआईए नारनौल की टीम ने थाना निजामपुर क्षेत्र में क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआईए नारनौल की टीम गश्त के दौरान निजामपुर बस अड्डा पर मौजूद थी। उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि मनीष वासी मोहल्ला छबलपूरा बहरोड़ राजस्थान, दीपक, संदीप, अमित, कुलदीप वासियान निजामपुर, राहुल वासी मोहल्ला फांसखाना नारनौल व अंकित वासी जमालपुर थाना खेतड़ी राजस्थान, मिलकर बुकी चलाते हैं और आज निजामपुर में मुकेश वासी निजामपुर अपने मकान में उसके साथियों के साथ वर्ल्ड कप के इंग्लैंड-न्यूजीलैंड के क्रिकेट मैच पर लैपटॉप व मोबाइलों पर सट्टा खिला रहा है। अगर तुरंत रेड की जाए तो आरोपियों को क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाते पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर सीआईए टीम की रेडिंग प्राटी तैयार कर बतलाए हुए स्थान पर रैड की गई। जहां पर सात लडके मोबाईल व लैपटॉप से मैच खेलते हुए मिले। टीम ने उनको काबू कर नामपता पूछा और वहां से 3 लैपटॉप, 12 मोबाइल और अन्य सामान बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत थाना निजामपुर में मामला दर्ज किया उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# रेलवे स्टेशन से संबंधित मांगों को लेकर रेल मंत्री को भेजा ज्ञापन

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने कनीना खास रेलवे स्टेशन से संबंधित मांगों को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम ज्ञापन स्टेशन मास्टर अशोक कुमार को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने किया।
ज्ञापन में कनीना खास रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने, रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनाने तथा सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव कनीना खास रेलवे स्टेशन पर करने की मांग की गई। ज्ञापन देने के बाद अतरलाल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अनेक रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर वहां सुविधाएं बढ़ाने का कार्य किया है, परन्तु कनीना खास रेलवे स्टेशन जो काफी पुराना है उसको इस योजना में शामिल न करने से कनीना उपमंडल के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज न होने के कारण यात्रियों को दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ती है। दो ट्रेन एक साथ आने पर यात्रियों को दूसरी तरफ जाने का समय नहीं मिलता और ट्रेन छूट जाती है। दिव्यांगों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसलिए हमने ज्ञापन में रेल मंत्रालय से कनीना खास स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कनीना रेलवे स्टेशन से अनेक सुपरफास्ट ट्रेने गुजरती हैं परन्तु सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव न होने के कारण इलाके की जनता, सैनिकों तथा व्यापारियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसलिए गाड़ी नम्बर 12457 दिल्ली बीकानेर एक्सप्रैस, गाड़ी नम्बर 12458 बीकानेर दिल्ली एक्सप्रैस, गाड़ी नम्बर 22472 दिल्ली बीकानेर, गाड़ी नम्बर 22471 बीकानेर दिल्ली, गाड़ी नम्बर 22422 जोधपुर दिल्ली और गाड़ी नम्बर 22421 दिल्ली जोधपुर सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव कनीना खास रेलवे स्टेशन पर किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि एक महीने के अंदर उक्त मांगों को पूरा करने की अधिसूचना जारी नहीं की तो पार्टी इलाके की जनता के साथ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगी।

बैठक

श्री नामदेव समाज समिति लिया फैसला

# किन्नरों की बधाई राशि 1100 निर्धारित

### 8 अक्टूबर को महेंद्रगढ़ में आयोजित किए जाने वाले तृतीय वार्षिक उत्सव के लिए चर्चा की

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र



नारनौल। श्री नामदेव समाज समिति रजिस्टर्ड नारनौल की कार्यकारिणी की एक बैठक का आयोजन आज नामदेव भवन रविदास मार्ग नारनौल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रोहिल्ला टॉक क्षेत्रीय सभा महेंद्रगढ़ के प्रधान विशन दयाल रोहिल्ला ने की तथा समिति के संरक्षक सुभाष चंद्र वर्मा ठेकेदार व श्री नामदेव समाज चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति सचिव डा. संजय कुमार वर्मा ने बैठक का एजेंडा पढ़ कर सुनाया तथा विस्तार से सभी एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। समिति सचिव ने उपस्थित सदस्यों के सामने प्रस्ताव रखा कि जिस प्रकार से विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बधाई के अवसरों पर किन्नरों को दी जाने वाली बधाई राशि का निर्धारण करके प्रस्ताव पास किए हुए हैं। उसी प्रकार से श्री नामदेव समाज समिति नारनौल को भी बधाई राशि निर्धारित करके इस संदर्भ में प्रस्ताव पास करना चाहिए। उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से किन्नरों के लिए बधाई राशि 1100 निर्धारित करते हुए प्रस्ताव पास कर दिया तथा इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक व उपायुक्त नारनौल को भी सूचना भेजने के लिए कहा। यदि किन्नरों द्वारा उपरोक्त राशि से अधिक मांग की जाती है तो इसकी शिकायत 112 नंबर पर की जा सकती है। नामदेव रोहिल्ला टांक क्षत्रिय समाज की सामाजिक आर्थिक गणना करने का प्रस्ताव भी स्वीकार किया गया। बैठक में रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा महेंद्रगढ़ के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उक्त संस्था के पदाधिकारी आगामी 8 अक्टूबर वार रविवार को महेंद्रगढ़ के कमला धर्मशाला में आयोजित किए जाने वाले तृतीय वार्षिक उत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र देने के लिए उपस्थित हुए थे। इस अवसर पर ब्रह्म प्रकाश थेपडा, रोहतास रोहिल्ला, रमेश रोहिल्ला, मनोज कुमार, राजेश कुमार महेन्द्रगढ़ के अतिरिक्त जयदयाल वर्मा, पूर्व शिक्षा अधिकारी पुष्करमल वर्मा, सतीश वर्मा, दयानंद वर्मा, महेंद्र रतन, पवन वर्मा, रवि वर्मा, मनोहर लाल वर्मा, सुरेंद्र वर्मा झेडू, रमेश ठेकेदार, पूर्व मुख्य अध्यापक सुभाष कश्यप, पूर्व प्रधान सुभाष कश्यप, प्रवक्ता नवरत्न वर्मा, मुकेश डीपीई, हेमंत रत्न, पूरणमल, त्रिभुवन वर्मा नरेंद्र नैनु, राकेश नागर सहित समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### समाज का तृतीय वार्षिक उत्सव में मंत्री करेंगे शिरकत

इस अवसर पर बोलते हुए बृजलाल रोहिल्ला प्रधान रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा महेंद्रगढ़ ने बताया कि आगामी रविवार को महेंद्रगढ़ समाज का तृतीय वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। जिसके मुख्यातिथि ओम प्रकाश यादव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री हरियाणा सरकार रहेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर रामविलास शर्मा पूर्व शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में वार्षिक उत्सव में महेंद्रगढ़ पहुंचने की समाज बंधुओ से अपील की। श्री नामदेव समाज चेरिटेबल ट्रस्ट की प्रधान बाबूलाल वर्मा ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि नारनौल एवं महेंद्रगढ़ की संस्थाएं अलग-अलग ना होकर एक ही है महेंद्रगढ़ का कार्यक्रम भी हमारा अपना ही है इसलिए कार्यक्रम में पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

चोरों ने दो गांवों को बनाया निशाना

# गांवड़ी जाट में पोल से तार चोरी, रोपड़ सराय में घर से जेवरात व नगदी पर किया हाथ साफ

### पुलिस ने किया अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। निजामपुर खंड के अलग अलग दो गांव गांवड़ी जाट व रोपड़ सराय में बिजली के पोल से तार चोरी तो दुसरे के घर से जेवरात व नगदी चोरी का मामला सामने आया है। जहां दोनों ग्रामीणों के व्यक्तियों के द्वारा पुलिस को शिकायत दी गई है। मामले को लेकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव गांवड़ी के सुभाष पुत्र प्रभुदयाल ने पुलिस को दी शिकायत में दर्शाया है कि उन्होंने कृषि सबंधित अपने खेत में बिजली का कनेक्शन लिया हुआ है। जहां अज्ञात चोरों के द्वारा उसके कुएं पर आ रहे बिजली के पोल के तारों को काट लिया गया। जोकि उसके भाई सुरेश के नाम पर कनेक्शन था। हालांकि इसकी जानकारी उनके द्वारा बिजली विभाग को भी दी गई है। वहीं दूसरी तरफ गांव रोपड़ सराय के लालाराम पुत्र सेवाराम बावरिया ने शिकायत में बताया कि बीती सोमवार की रात को उनके भाई के पोते का जन्मदिन था जिस पर उनकी पत्नी बच्चो सहित उस सनारोह मे शामिल थी। हालांकि वह अपने पर मौजूद था। करीब 21 बजे बाद उनके घर से अज्ञात चोरों के द्वारा 3 अंगुठी सोना 3 अंगुठी चांदी दो सोने के ओम, एक जोड़ी कड़ी एक असली, सटका, दो चैन चांदी, एक पाजैव जोड़ी व 28 हजार नगद रुपये व कुछ कागजात भी चोर चुरा ले गए। जिसकी शिकायत उनके द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई है। इस संबंध में पुलिस के जांच अधिकारी सज्जन सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गांव गांवड़ी जाट में बिजली के तार चोरी व रोपड़ सराय से घर में नगदी व जेवर चोरी की शिकायत उनको मिली है। जिनका मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

## खबर फटाफट

### हुड्डा मार्केट में सफाई व्यवस्था चौपट



फरीदाबाद । सेक्टर 21-ए के हुड्डा शॉपिंग सेंटर प्रांगण में अक्सर गंदगी कूड़े करकट का अंबार लगा रहता है। आवारा पशु मुंह मार रहे होते हैं। किंतु नियमित तौर पर साफ सफाई का कोई नियम कानून का अनुपालन ठेकेदार द्वारा नहीं किया जा रहा है। हुड्डा मार्केट शॉपकीपर्स एसोसिएशन एवं डब्ल्यूसीआरए (21-ए) की लापरवाही साफ दृष्टिगोचर हो रही है। मार्केट की रौनक खत्म हो गई है7 गंदे वातावरण से नकारात्मकता देखनी पड़ रही है। नगर निगम प्रशासन स्वच्छता अभियान में जुटा हुआ है लेकिन इको ग्रीन कंपनी ठेकेदार एवं आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी का आपस में सही तालमेल नहीं होने के कारण कूडा करकट एवं गंदगी साफ करने में विलंब हो रहा है। युगल किशोर शर्मा ने कहा कि पदाधिकारी आपस की गुटबाजी छोडक़र सफाई व्यवस्था पर ध्यान दें। नगर निगम से अपेक्षा है कि सफाई अधीक्षक की ड्यूटी लगाकर स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाएं एवं लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों को कर्तव्य पालन के प्रति जागरूक किया जाए।

### लखन कुमार सिंगला बने अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय संयोजक



फरीदाबाद। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने आगामी 29 अक्टूबर 2023 को अग्रोहा धाम में विशाल महाकुंभ के मद्देनजर प्रमुख समाजसेवी लखन कुमार सिंगला को राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया है। इसके अलावा दिल्ली विधायक महेंद्र गोयल, राजस्थान विधायक अमित चचाण, पंजाब विधायक श्रीमती नीलम मित्तल, प्रमुख समाजसेवी गोविंद कांडा सिरसा, युवा प्रभारी अल्केश अग्रवाल मुंबई आदि को बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि लखन सिंगला व उनका परिवार पिछले काफी समय से सामाजिक व धार्मिक कार्यो में बढ़-चढक़र हिस्सा लेता है, खासकर समाज के कार्यो में उनकी भूमिका अग्रणीय रहती है, जिसके चलते उन्हें यह अह्म जिम्मेवारी सौंपी गई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में महाकुंभ कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा जबकि आज अग्रोहा धाम के नेतृत्व में देश भर में हजारों वैश्य समाज की संस्थाएं धार्मिक व सामाजिक कार्यों में लगी हुई है। महाराजा अग्रसेन जी त्याग की मूर्ति थे जिन्होंने समाजवाद को बढ़ावा दिया और गरीबों को ऊंचा उठाते हुए छोटे-बड़े की दूरियां खत्म करने का काम किया। बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने गरीबों को ऊंचा उठाने के लिए हर घर से एक ईंट एक मुद्रा देने का नियम लागू किया ताकि गरीब व्यक्ति ईंट अपना मकान बनाकर रह सके और मुद्रा से व्यापार करके अपने बच्चों का अच्छे ढंग से पालन पोषण कर सके।

### डीसी विक्रम सिंह ने सुनी जन शिकायतें



फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इन नीतियों को लागू करने का काम अधिकारियों का होता है। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नागरिकों को छोटे-छोटे कार्य के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर ना लगाना पड़े। डीसी आज शुक्रवार को सेक्टर-12 लघु सचिवालय में स्थित अपने कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने इनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया। वहीं कुछ शिकायतों के लिए सम्बंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि यहां पर मिलने वाली हर शिकायत को अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर दूर करें। यह शिकायतें अपने मातहत कर्मचारी के भरोसे नहीं छोडऩी है। इनको वे खुद निपटाएं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार वह रोजाना सुबह 11 बजे से एक बजे तक अपने कार्यालय में कोई बैठक नहीं रखते हैं और जनता के साथ मुलाकात कर रहे हैं। वहीं अन्य विभागों के जिला अधिकारी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत काल की श्रृंखला में पूरा दिन सरकार की योजनाओं का धरातल से फीडबैक लेने के लिए फील्ड के दौरे करें । इसी उद्देश्य के आमजन की शिकायतें सुनी जा रही है।

### कृषि से जुडे विभिन्न यंत्रो पर अनुदान देने के लिए किसानों से आवेदन आमंत्रित

गुरुग्राम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन) स्कीम के अन्तर्गत जिला में मसूर व चने के बीज वितरण व मसूर व चने के प्रदर्शन प्लांट, सूक्ष्म तत्व, जिपस्म, जैविक खाद, पौधा संरक्षण रसायन, खरपतवार नाशी, स्प्रे पम्प व हस्त चालित/ बैटरी चालित स्प्रे पम्प का वितरण अनुदान पर किसानों को अनुदान दिया जाना है। कृषि विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि अनुदान लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा की वैबसाईट पर ई-कृषि योजनाएं गवर्नेस लिंक पर जाकर क्लिक करें। किसान अपना आवेदन तक कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए खण्ड कृषि अधिकारी अथवा उप निदेशक कृषि विभाग के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

### वर्ष 2022-23 के लिए राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों हेतु आवेदन आमंत्रित

गुरुग्राम। हरियाणा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रदान करने हेतु पात्र उपभोक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 2 नवम्बर है। एडीसी हितेश कुमार ने बताया कि जिलों से औद्योगिक, वाणिज्यिक, राजकीय, संस्थागत, समूह आवासीय भवनों को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में श्रेष्ठ उपाय करने, तकनीक अपनाने, ऊर्जा दक्षता हासिल करने के फलस्वरूप राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों से अलंकृत किया जाता है।

इनोवेशन/नई प्रौद्योगिकियां/अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं जिनमें नवीन प्रचार परियोजनाएं और ऊर्जा संरक्षण में अनुसंधान एवं नवाचार, ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट से ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, कुशल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं भी राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं। इन पुरस्कारों में नकद राशि, शील्ड तथा प्रमाण पत्र प्रदान किये जाते हैं। एडीसी ने बताया कि इससे सम्बंधित दिशा-निर्देशों की प्रति हरेडा की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पात्र उपभोक्ता अपना आवेदन एडीसी कार्यालय के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग में 4 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक जमा करवा सकते हैं।

केन्द्र एवं राज्य कर्मचारी 3 नवंबर को दिल्ली में बड़ी रैली कर दिखाएंगे ताकत : सुभाष लांबा

# नियमित न करने से कर्मचारियों में नाराजगी

**रैली में हजारों की संख्या में हरियाणा से शामिल होंगे : नरेश कुमार शास्त्री**





सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद, पुरानी पेंशन बहाली, ठेका कर्मियों की रेगुलराइजेशन, पीएसयू के निजीकरण पर रोक, 60 लाख खाली पदों को भरने, आठवें वेतन आयोग का गठन, कोरोना महामारी में फ्रीज किए गए 18 महीने के बकाया डीए, डीआर का भुगतान, एनईपी को वापस लेने, ट्रेड यूनियन एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा, पेंशनर्स की 65, 70, 75 व 80 साल की उम्र के बाद बेसिक पेंशन में पांच प्रतिशत बढ़ोतरी करने, एक्स ग्रेसिया रोजगार स्कीम में लगाई गई शर्तों को हटाने आदि, सात सूत्री मांगों को लेकर केंद्र एवं राज्य कर्मियों ने लामबंद होकर 3 नवंबर को रामलीला मैदान नई दिल्ली में रैली कर ताकत दिखाएंगे। यह रैली ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगी। यह दावा शुक्रवार को अरावली गोल्फ कोर्स में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने किया। प्रेस कांफ्रेंस में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के महासचिव एश्री कुमार, कोषाध्यक्ष शशिकांत राय व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री मौजूद थे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि रैली में हरियाणा से हजारों की संख्या में पालिका कर्मचारी शामिल होंगे। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा व महासचिव ए श्रीकुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि रैली का आह्वान अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ और कन्फरडेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्पलाइज एंड वर्कर्स ने संयुक्त तौर पर किया है। रैली में स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसटीएफआई), आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन के अलावा रेलवे, बैंक, बीमा व डिफेंस में कार्यरत कर्मियों के संगठनों ने भी शामिल होने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि रैली में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और विशेषकर पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल से बड़ी संख्या में केन्द्र एवं राज्य कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। रैली में सरकार के खिलाफ निर्णायक आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रैली की तैयारियों को लेकर 9 अगस्त से शुरू हुए हजारों कर्मचारी वाहन जत्थे सभी राज्यों में कर्मचारियों से संपर्क करने के लिए व्यापक जन संपर्क अभियान चलाएं हुए हैं। रैली को लेकर कर्मचारियों में भारी उत्साह है और वह हजारों की संख्या में तीन नवंबर को रामलीला मैदान में अपनी ताकत दिखाएंगे।

## मन की बात क्विज विजेता बनने पर विधायक ने दी बधाई



सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद, भाजपा जिला सचिव मुकेश अग्रवाल के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात क्विज के विजेता बनने पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने मुकेश अग्रवाल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि भाजपा कार्यकर्त्ता मुकेश अग्रवाल को यह सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि इससे यह भी प्रमाणित होता है कि पीएम मोदी के मन की बात को लोग कितने ध्यानपूर्वक सुनते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी द्वारा की जाने वाली मन की बात को कई लोग आत्मसात भी करते हैं। उन्होंने मिठाई खिलाकर मुकेश अग्रवाल को बधाई दी। वहीं मुकेश अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने जून माह की क्विज में सबसे जल्द क्विज में पूछे गए सवालों का जबाब दिया और वे विजेता बने। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय से उन्हें पीएम मोदी के मन की बात की पुस्तक व सम्मान पत्र प्राप्त हुआ है तथा यह उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है जिसके लिए वे स्वयं को काफी गौरवांवित महसूस कर रहे हैं और काफी प्रोत्साहन उन्हें मिला है। मुकेश अग्रवाल को उनकी जीत पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## मूलभूत सुविधाएं एनआईटी -86 क्षेत्र के लिए सपना : भड़ाना



सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए मूलभूत सुविधाएं एक ख्वाब की तरह हो गई है । क्षेत्र में ना बिजली भरपूर मिलती है ना पानी है, ना सडक़ है, ना सीवर है । क्षेत्र की जनता हर तरह की सरकारी सुविधाओं के लिए तरस रही है । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने परिवार जोड़ो अभियान के तहत जवाहर कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान चलाया । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में ही गोंछी नाला है जो कूड़े से पूरी तरह से भरा हुआ है । ऐसा लगता है कभी उसकी सफाई हुई ही नहीं है । नाले के आसपास के रहने वाले हजारों लोग गंदगी से बीमार हो रहे हैं । गलियों में सीवर का पानी भरा हुआ है । इस मौके पर जिला सचिव मेहर चंद हरसाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, हरजिंदर मेहंदी रत्ता, सुभाष बघेल, सचिन चौधरी ,अमित कुमार, राम गौर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# अब प्लेन उड़ाएगी तिगांव की दीपिका

**एयर इंडिया में बतौर कमर्शियल पायलट नियुक्त होने पर दीपिका का हुआ स्वागत**



सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद, एयर इंडिया में बतौर कमर्शियल पायलट नियुक्त होने पर तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर हरियाणा गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों के साथ गांव तिगांव की बेटी दीपिका अधाना के निवास पहुंचे और उन्हें उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान श्री नागर ने फूलों का बुक्के भेंट कर दीपिका को पायलट बनने पर शुभकामनाएं दी वहीं उनके परिवार को भी अपनी बेटी को इस मुकाम पर पहुंचाने उनकी जमकर प्रशंसा की। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि दीपिका ने यह उपलब्धि हासिल करके न केवल तिगांव बल्कि फरीदाबाद का नाम देशस्तर पर विख्यात किया है और पूरे तिगांव सहित फरीदाबाद के लोगों को इस बेटी पर नाज है। उन्होंने कहा कि इरादे अगर प्रबल हो तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और ऐसा ही कुछ कर दिखाया है, दीपिका ने, जिन्होंने अपनी मेहनत की बदौलत पायलट तक का सफर तय किया और आज पूरे क्षेत्र को इस बेटी की उपलब्धि पर नाज है। पूर्व विधायक ललित नागर सहित हरियाणा गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों ने दीपिका को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके परिजनों को अपनी बेटी को इस लायक बनाने के लिए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर हरियाणा गुर्जर महासभा के अध्यक्ष चौ. जगबीर नागर, रणवीर सिंह चंदीला, रामफूल सिंह भाटी, धर्मपाल खटाना एडवोकेट, सुमेश चंदीला, सत्येंद्र फागना, हंसराज कपासिया, निरंजर नागर, देशराज बिधूड़ी, गोविंद रामगढ़, दीपक ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, संजय नंबरदार, मनोज गुप्ता, रमेश, रणवीर सिंह, चौधरी लीलेराम नागर, सतेंद्र नागर आदि समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे। गौरतलब है कि दीपिका ने फरीदाबाद कान्वेंट स्कूल से दसवीं की परीक्षा पास की थी, जबकि टैगोर एकेडमी पब्लिक स्कूल से 12वीं पास की थी। पायलट बनने के लिए उन्हें कैप्टन प्रताप चौहान हेड पायलट ट्रेनिंग सेंटर द्वारका प्रशिक्षित किया और वहीं से उन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की। फ्लाइंग क्लब मध्यप्रदेश से उन्होंने प्रशिक्षण हासिल किया वहीं तुर्की में एयर सर्विस की ट्रेनिंग की। दीपिका के भाई सचिन अधाना एमबीए और आईआईएम कलकत्ता से कर रहे है।

## यशस्विनी बाइक रैली का गुरुग्राम में होगा स्वागत : एडीसी

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा





गुरुग्राम। आजादी के अमृत काल में एक भारत श्रेष्ठ भारत, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता के साथ महिला सशक्तिकरण का संदेश लेकर श्रीनगर व शिलांग से शुरू हुई सीआरपीएफ की यशस्विनी बाइक रैली के गुरुग्राम आगमन पर कादरपुर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने यह जानकारी विकास सदन स्थित मीटिंग हॉल में महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल, शिक्षा व पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान दी।

उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे इस स्वागत समारोह में विभागों से संबंधित जो भी तैयारियां हैं। वह समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने बैठक में बाइक रैली से जुडी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सीआरपीएफ की ऑल वूमेन मोटरसाइकिल एक्सपेडिशन 2023 यशस्विनी बाइक रैली तीन अक्तूबर को श्रीनगर से निकली थी। जम्मू के बाद यह रैली अमृतसर, जालंधर, पिंजौर, सोनीपत होते हुए 18 अक्तूबर की शाम को गुरुग्राम के कादरपुर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पहुँचेगी। यात्रा के गुरुग्राम आगमन पर 19 अक्तूबर को सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत यह यात्रा जयपुर, अजमेर, उदयपुर, गांधीनगर और बड़ोदा से होकर एकतानगर गुजरात पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यशस्विनी बाइक अभियान में सीआरपीएफ की 50 महिला कर्मी शामिल हैं। ये 25 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर देश के 40 जिलों से गुजरते हुए 2134 किलोमीटर का सफर कर 31 अक्टूबर को अहमदाबाद के एकता नगर में पहुंचेगी। श्रीनगर की तरह ही शिलांग और कन्याकुमारी से भी सीआरपीएफ की बाइक रैलियां एकता नगर के लिए निकली हैं। एकता नगर में ही लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति (स्टैचू ऑफ यूनिटी) है। 31 अक्टूबर को उनकी जयंती है, जिसे एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# नमो तीर्थ यात्रा का जत्था रवाना

सात्विक देव भरोसा मित्र

फरीदाबाद, साथियों पूर्व उद्योग मंत्री द्वारा शुरू की गयी नमो तीर्थ यात्रा की मुहीम लगातार उनके कार्यालय से जारी है कल रात पुन पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल के कार्यालय से उनकी अनुपस्थिति मे उनके भतीजे अमन गोयल द्वारा तीर्थयात्रियों कों हरिद्वार के लिए बस कों झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने जमकर विपुल गोयल जिन्दाबाद और गंगे मैया के नारे लगाकर खुशी जाहिर की। आपको बतादें नमो तीर्थ यात्रा में फरीदाबाद विधानसभा के एसी नगर और ओल्ड फरीदाबाद के ठाकुर मोहल्ला व विधानसभा के अलग अलग एरिया से यात्री गंगा स्नान के लिए गए जोकि पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल द्वारा बस को निशुल्क भेजा गया आपको यहाँ बतादें की बतौर मंत्री रहते हुए भी पिछले नो वर्षो से विपुल गोयल लोगो की सेवा करते आ रहे है और गोयल अब तक लाखो तीर्थ यात्रियों को हरिद्वार के अलावा शिर्डी, वैष्णो देवी, खाटू श्याम व अयोध्या भेज चुके हैं । इस मोके पर गंगा स्नान पर जाने वाले श्रद्धालुओं ने पूर्व उद्योग मंत्री को शुभकामनायें दी और गंगा मैया के जयकारे लगाते हुए अपनी नमो तीर्थ यात्रा की शुरूआत की। इस मोके पर युवा नेता अमन गोयल ने सभी कों शुभकामनायें देते हुए मंगल यात्रा की कामना की। इस कार्यक्रम में मनीष राघव, सोनू शर्मा, पंडित सुरेंद्र बबली, कमल सैनी, पार्थ पाराशर, सीमा भारद्वाज, बलराज सिंह, अमित बंसल, जगबीर पहलवान, रेनू मलिक व अन्य काफ़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।



### मंडियों में अव्यवस्था को लेकर आप के जिला अध्यक्षने सरकार को घेरा



गुरुग्राम। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना ने शुक्रवार को बयान जारी कर किसानों की फसलों की खरीद ना होने, एमएसपी पर खरीद न होने और मंडियों में अव्यवस्था होने के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार गुरुग्राम के किसानों समेत पूरे हरियाणा के किसानों की लगातार अनदेखी कर रही है। मंडियों में किसान अपनी फसल लेकर बैठे हैं, कभी उन्हें गेट पास नहीं मिलता है, कभी कहते हैं टोकन नहीं है। कभी उनकी पोर्टल की डिटेल नहीं मिल रही है। ऐसे अनेकों तरीके अपना कर किसानों को प्रताडि़त किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिले की मंडियों में किसानों का हजारों टन बजारा पड़ा है, लेकिन सरकार खरीद की व्यवस्था नहीं कर रही है। इसलिए किसान बेबस होकर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने खरीद शुरू होने से पहले मंडियों में व्यवस्था के बड़े बड़े दावे किए थे, लेकिन खरीद न होने से सरकार के सभी दावों की पोल खुल गई। उन्होंने कहा कि धान के साथ मंडियों में किसान बाजरा भी लेकर आ रहे हैं। मंडियों में बाजरे की क्वालिटी को खराब बताया जा रहा है, इससे किसान फसल प्राइवेट हाथों में बेचने को मजबूर हैं। वहीं पोर्टल की दिक्कत के कारण धान की खरीद नहीं हो रही। उन्होंने सरकार से किसानों की पोर्टल की दिक्कत का जल्द से जल्द समाधान कर धान की खरीद को सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर बारिश हो गई तो लाखों क्विंटल धान मंडियों में ही खराब हो जाएगा। उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने ऐलान किया है कि यदि जल्द ही मंडियों में व्यवस्था को सही नहीं किया तो आम आदमी पार्टी सडे ों पर उतरेगी, जिसके लिए आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता तैयार है।

## वंचित बच्चों का जीवन सुधारने में जुटी कायना मलिक

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा



गुरुग्राम। सकारात्मक बदलाव लाने का जुनून और सांझा करने का उत्साह होना चाहिए, फिर कोई काम मुश्किल नहीं है। ऐसे ही जुनून के साथ काम कर रही है एक युवा लडक़ी कायना मलिक। प्रोजेक्ट वीरा के माध्यम से कायना मलिक वंचित बच्चों में ज्ञान का दीप जला रही हैं। प्रोजेक्ट वीरा का नाम 7 साल की एक बच्ची के नाम पर रखा गया है, जो कि उनकी सोसायटी में काम करने वाली महिला की बेटी है। गुरुग्राम के तिगरा गांव के वंचित बच्चों को शिक्षित करने के लिए अपने स्तर पर पढ़ाने वाली कायना मलिक वैसे तो लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा होने के साथ गायिका व प्रभावी स्पीकर है, लेकिन उसकी सोच और काम करने का जज्बा बड़ी उम्र वालों से भी कहीं अधिक है। उसमें सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का भंडार है। वह अपनी ऊर्जा को जनहित में लगाते हुए प्रोजेक्ट वीरा के माध्यम से शिक्षा की अलख जगा रही है। वह अपने आसपास की दुनिया में बदलाव लाने की सोच के साथ काम कर रही है। प्रोजेक्ट वीरा एक प्रभावी शुरुआत है। कायना मलिक ने प्रोजेक्ट वीरा के तहत कोविड के दौरान देखा कि स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है तो उन्होंने बच्चों को शिक्षित करने का काम शुरू किया। कायना ने प्रोजेक्ट वीरा के माध्यम से गुरुग्राम में तिगरा गांव में उन वंचित बच्चों (ड्राइवरों, गार्डों आदि के) तक स्कूल में अपनी शिक्षा का विस्तार करने के तरीके खोजे। 25-30 बच्चों और उनके माता-पिता से बात की और उनके लिए मनोरंजक शिक्षण पाठ्यक्रम की शुरुआत की। कायना कहती हैं कि शिक्षा हम सब का मूल अधिकार ही नहीं, एक कर्तव्य भी है। शिक्षा प्राप्त करना एक आजीवन प्रक्रिया है।

**खतरनाक** रेलवे स्टेशन पर यात्रा कर रहे यात्री

# जानजोखिम में डालकर पार कर रहे हैं रेल की पटरियां

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा



गुरुग्राम। इस व्यक्ति को नीचे झुककर बाहर आता देखकर ऐसे महसूस होगा कि यह व्यक्ति किसी गुफा से निकल रहा है या कोई फिल्म की शूटिंग चल रही है। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। इस प्रकार के नजारे आपको प्रतिदिन गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर दिखाई दे जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ लोग शार्टकट के चक्कर में रेलवे द्वारा बनाए गए ओवरब्रिज का प्रयोग न करके बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक अपनी जानजोखिम में डालकर एक मालगाड़ी या ट्रेन से पटरी को पार करते हुए दूसरी मालगाड़ी या ट्रेन को क्रॉस करते हुए प्लेटफार्म पर पहुंचते रहते हैं। रेलवे स्टेशन पर यात्रा कर रहे यात्रियों ने बताया कि कुछ लोग दूध की बिक्री करने के लिए एक रेलवे लाईन से दूसरी रेलवे लाईन क्रॉस करके प्लेटफार्म पर पहुंचने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर अनेक दूध के भरे डब्बों को लेकर एक पटरी से दूसरी पटरी पर नीचे झुककर सामान सहित प्लेटफार्म पर पहुंचते रहते हैं। उन्होंने बताया कि जब उस व्यक्ति से यह पूछा गया कि आप अपनी जान की परवाह न करके इस तरह का कार्य क्यों करते हैं तो उस दूध विक्रेता व्यक्ति ने नाम न बताते हुए कहा कि वह प्रतिदिन रेवाड़ी से गुरुग्राम के कुछ स्थानों पर करीब आधा दर्जन दूध के छोटे-बड़े ड्रम लेकर स्टेशन पर पहुंचता है। स्टेशन के बाहर खड़ी बाइक में दूध के ड्रम को रखकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करते हुए वापिस अपने घर के लिए चला जाता है। जब उससे पूछा कि क्या तुम्हें पटरी से गुजरते समय डर नहीं लगता तो उस व्यक्ति ने बड़ी मासूमियत से कहा कि ओवरब्रिज के चक्कर में हमें न केवल काफी समय लग जाएगा, बल्कि इतने बोझ को उठाकर ले जाना संभव नहीं होगा। इसके अतिरिक्त ऐसे ही नजारे आपको प्रतिदिन रेलवे स्टेशन पर और भी दिखाई दे जाएंगे। कुछ जवान से लेकर अधेड़ उम्र की आयु के लोग एक पटरी से दूसरी पटरी को क्रॉस करते हुए जैसे-तैसे चढे र प्लेटफार्म पर पहुंचते हैं। यहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि जीआरपी व रेलवे अधिकारियों को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो सके।

### रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने वर्षा क्रिकेट अकादमी को 115 रन से हराया



फरीदाबाद । रविंद्र फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया और यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली और वर्षा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने वर्षा क्रिकेट अकादमी को 115 रन से हराया , यह मैच 40 ओवर का था और वर्षा क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 284 रन का लक्ष्य दिया । रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव भटीजा ने 92 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 94 रन, अभिषेक चौहान ने 59 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 65 रन बनाए। वर्षा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए राज और श्लोक शुक्ला ने 3/3 विकेट, ज्योति आदित्य ने 2 विकेट, महेश यादव ने 1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए वर्षा क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में 10 विकेट खोकर 169 रन बनाकर हार गई। वर्षा क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य राजपूत ने 58 गेंदों पर 6 चौको की मदद से 37 रन, प्रिंस माहतो ने 60 गेंदों पर 5 चोक्को की मदद से 37 रन बनाए। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए वंशज भाटिया ने 8 ओवर में 1 मैडेन, 35 रन देकर 3 विकेट, तनुष दुआ और प्रतीक्ष रावत ने 2/2 विकेट, भव्या तिवारी व अभिषेक चौहान ने 1/1 विकेट हासिल किए। इस मैच का मैन ऑफ द मैच ध्रुव भटीजा को घोषित किया गया।

## खबर फटाफट

### 67 स्कूलों को मॉडल सीनियर सेकेंडरी बनाया गया

**चंडीगढ़ :** राज्य के शिक्षा विभाग ने 18 जिलों के 67 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को मॉडल सीनियर सेकेंडरी में परिवर्तित कर दिया गया है। इस संबंध में विभाग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

### चंडीगढ़ में सिर्फ 2 घंटे ही पटाखे चलाने की अनुमति

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ प्रशासन की अनमुति के अनुसार लोग दीपावली को सिर्फ दो घंटे की पटाखे चला सकेंगे। इसके आदेश जारी कर दिए हैं। इसके अनुसार गुरुपर्व पर सुबह 4 से लेकर शाम 5 तक पटाखे चलाने की लोगों को छूट मिली है। दीपावली की रात में 8 से लेकर 10 बजे तक पटाखे चलाने की अनुमति दी गई है। साइलेंट जोन के लिए 100 मीटर दूर ही पटाखे लोग चला पाएंगे। दशहरे पर पुतला दहन के दौरान सिर्फ पुतले में ही पटाखे डाले जा सकेंगे। यदि इसका कोई भी उल्लंघन करेगा के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

### बहाने से घर में बुलाकर किशोरी को बनाया हवस का शिकार



**जींद :** उचाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने किशोरी को बहाने से घर बुलाया और अपनी हवस का शिकार बनाया। इस संबंध में उचाना थाना पुलिस ने उसके खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव एक व्यक्ति ने बताया कि अल सुबह 5 बजे के करीब उसकी बेटी बाहर घूमने के लिए गई थी। उसी दौरान गांव का ही धौला ने काम के बहाने उसे घर के अंदर बुलाया। अंदर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अस्पताल के खिलाफ परिजनों ने मचाया हंगामा

**यमुनानगर :** यहां एक निजी अस्पताल में पित्त की पत्थरी का ऑपरेशन कराने आयी एक महिला की मौत होने पर उसके परिजनों ने डॉक्टरों व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच पर उनसे जानकारी ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि गांव गंदापुरा की रहने वाली कुसुम को पित्त में पथरी की शिकायत होने पर इस निजी अस्पताल में ऑपरेशन के लिए भर्ती करवाया गया था। उसके सभी टेस्ट की रिपोर्ट नॉर्मल बतायी गई। महिला के पति कृष्ण लाल ने बताया कि पहले उन्हें गुमराह किया गया फिर उसकी पत्नी को आईसीयू से जनरल वार्ड में शिफ्ट किया गया। देर शाम को कुसुम की मौत की सूचना दी गई। इसके बाद परिजनों ने राज को हंगामा शुरू कर दिया। सिटी थाना प्रभारी पृथ्वी सिंह ने उन्हें समझा कर मामला शांत कराया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के लिए सिविल अस्पताल में भेज दिया।

### लावारिस कार से लाखों की ब्रांडेड शराब बरामद

**हिसार :** पुलिस ने खेतों के पास लावारिस हालत में खड़ी कार में विदेशी मार्का की लाखों रुपए की ब्रांडेड अवैध शराब बरामद की है। शराब को जाने वाले तस्करों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।ग्रामीणों ने इसकी सूचना सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उसने पाया कि गाड़ी के अंदर रखी ब्रांडेड शराब की खेप रखी हुई है। इनमें विदेशी मार्का की बोतलें व पव्वे थे।शराब की बोतलों पर लिखा था ओरिजिनल फॉर सेल इन पंजाब ओन्ली। पुलिस के अनुसार शराब की खेप पंजाब से हरियाणा में लाई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### पिटाई करके जबरदस्ती एटीम से निकलवाए रुपये

**करनाल :** सिविल लाइन थाने की पुलिस ने एक युवक ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है कि दो लोगों ने पहले उसकी पिटाई की फिर जबरदस्ती एटीमएम से रुपये निकलवाए। यही नहीं, उससे ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी कराया गया।राजीव पुरम करनाल के दीपक ने बताया कि वह 1 अक्टूबर की शाम को वह अपनी ब्रांच में डॉक्यूमेंट रखने गया था। तभी दो अज्ञात युवकों ने उससे एक अनजान व्यक्ति के पैसे न चुकाने पर एतराज जताया। इसके बाद उससे दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया जबकि उसने बताया कि वह उस व्यक्ति को जानता ही नहीं ह। इस पर दोनों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी और एटीएम से 15 हजार रुपए व ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से नौ हजार रुपये निकलवा लिए।फिर वे धमका कर चले गए।

### चार युवक 29 किलोग्राम डोडापोस्त के साथ पकड़े गए

**चरखी दादरी:** सदर थाना पुलिस टीम ने घसोला के समीप कार सवार चार युवकों 29 किलोग्राम डोडापोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन की ईको स्पोर्ट्स अपने कब्जे में ले ली है। युवक रानीला, रोहतक और नूंह के रहने वाले बताए जाते हैं। उनके खिलाफ सदर थाने में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।पुलिस ने समसपुर टी-प्वाइंट पर चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। मिली सूचना के आधार पर नाकाबंदी की गई और कार का पीछा करके युवकों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ बताया कि वे राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले से ये मादक पदार्थ ला रहे थे।

### खड़े ट्रक को मारी टक्कर, एक ही मौत, मामला दर्ज

**चरखी दादरी:** खराब खड़े ट्रक से दूसरा ट्रक टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह हादसा बौंदकलां के समीप एननएच 152-डी पर हुआ। मरने वाला ट्रक क्लीनर बताया जाता है और ट्रक में सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के अनुसार क्लीनर बिहार के समस्तीपुर जिले का रहने वाला था।बौंदकलां थाना पुलिस ने दादरी सिविल अस्पताल में उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया। इस संबंध में दूसरे ट्रक के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### दुष्कर्मी को 20 साल की कैद

**जींद:** अदालत ने नाबालिग लड़की से रेप के दोषी 20 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। जींद के एडिशनल सेशन जज चन्द्रहास की अदालत ने कैद के साथ 20 हजार जुर्माना भी लगाया है।

---

प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दो टूक

# भर्ती रोको गैंग हरियाणा ही नहीं,कई राज्यों में सक्रिय

**किसी न किसी बहाने कोर्ट से स्टे ले आते हैं,विपक्षी नेता भी भर्ती प्रक्रिया को कर रहे हैं बाधित**



**शशिभूषण सैनी,भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकारी भर्तियां पारदर्शी तरीके से न हो, इसके लिए हरियाणा में नहीं बल्कि कई राज्यों में भर्ती रोको गैंग सक्रिय हैं और वे किसी न किसी बहाने से कोर्ट से स्टे ले आते हैं और विपक्ष के लोग भी इसमें संलिप्त हैं।

वह आज यहां हरियाणा निवास में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे, जब ग्रुप सी के पदों के लिए आयोजित की गई सीईटी परीक्षा पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो मुख्यमंत्री ने ऐसा कहा। उन्होंने कहा कि ग्रुप सी की 56 व 57 कैटेगिरी के परिणाम पर कोर्ट ने रोक लगाई है, 31 अक्तूबर को होनी सुनवाई है। उन्होंने कहा कि ग्रुप डी के लिए संयुक्त पात्रता परीक्षा 20 व 21 अक्तूबर को होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती एजेंसियों द्वारा सीईटी का नया सिस्टम तैयार किया गया है। आरम्भ में कुछ कठिनाइयां आई हैं, जिन्हें ठीक किया जा चुका है।

### जेबीटी अध्यापकों के लिए अन्तर-जिला स्थानान्तरण नीति

उन्होंने बताया कि जेबीटी अध्यापकों के लिए अन्तर-जिला स्थानान्तरण नीति तैयार कर ली गई है। वर्ष 2004, 2008 व 2011 बैच के अध्यापकों द्वारा दिए गये स्टेशन व जिले के विकल्प को पूरा कर लिया गया है वर्ष 2004 के लिए दिए 1, 2, 3 विकल्पों को अंतिम रूप दे दिया गया है। 2017 बैच के अध्यापकों द्वारा दिए गये जिलों के विकल्प को आठ दिनों के अन्दर पूरा कर लिया जाएगा।

### चीन में हरियाणा के खिलाड़ियों का बजा डंका

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में खिलाड़ियों की उभरती प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कदम उठा रही है। इस संदर्भ में एशियाई खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में वृद्धि की गई है। पिछली सरकारों की तुलना में उनकी सरकार ने सभी श्रेणियों में पुरस्कार राशि में वृद्धि की है। उन्होंने ऐलान किया कि सरकार हरियाणा को देश का खेल हब बनाने के लिए खेलों व खिलाड़ियों को हर प्रकार की सुविधाएँ देगी। मुख्यमंत्री आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित रहे। सीएम ने बताया कि चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भी हरियाणा के खिलाड़ियों ने धूम मचा रखी है। इन खेलों में भारत से कुल 655 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 86 खिलाड़ी अकेले हरियाणा से हैं। इन खिलाड़ियों ने अब तक कुल 22 पदक हासिल किये हैं। इनमें 7 स्वर्ण, 3 रजत और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। व्यक्तिगत स्पर्धा में अब तक हरियाणा के खिलाड़ी 15 मेडल जीत चुके हैं, जिनमें 5 स्वर्ण और 10 कांस्य पदक है। इसी तरह टीम इवेंट में हरियाणा के खिलाड़ियों ने कुल 7 मेडल जीते हैं, जिनमें 2 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं।उन्होंने बताया कि कांग्रेस के 2005 से 2014 तक कार्यकाल में प्रदेश में एशियाई खेल विजेताओं को स्वर्ण पदक जीतने पर 2 करोड़ रुपये, रजत पदक जीतने पर 1 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेता को 50 लाख रुपये का नक़द पुरस्कार दिया जाता था। लेकिन वर्तमान सरकार ने स्वर्ण पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि को बढ़ाकर 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को 1.5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 75 लाख रुपये किया है। राज्य सरकार द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ी को भी 7.5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की तैयारी करने में भी भरपूर सहायता करती है। एशियन व पैरा एशियन खेलों के प्रतिभागी खिलाड़ियों को 2.5 लाख रुपये की अग्रिम राशि प्रदान की जाती है ताकि वे बेफिक्र होकर तैयारी कर सकें।

### कपास फसल की नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश के जिन जिलों में गुलाबी सुंडी से कपास की फसल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है और साढ़े 7 हजार से 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाएगा। इसी प्रकार, बाढ़ के कारण जिन किसानों ने धान की दोबारा रोपाई की थी और उसमें खराबा आ गया था, की भरपाई भी सात हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कम्पनियों द्वारा क्लस्टर बनाए गये थे, परंतु सब जगह बीमा कम्पनियां नहीं पहुंच पाई और बैंकों द्वारा फसली ऋण पर बीमें का प्रीमियम काट लिया गया। ऐसी शिकायतें मिली हैं और इसके समाधान के लिए बैंकों से बात की जाएगी। उन्होने बताया कि 15000 रुपये प्रति एकड़ की दर से विशेष पैकेज दिलवाया जाएगा। इसके अलावा, जिन किसानों ने फसली ऋण नहीं लिया था, उनकी भरपाई राजस्व आपदा प्रबन्धन विभाग के नियमों के अनुसार की जाएगी।उन्होंने कहा कि मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पहले केवल जिन फसलों की एमएसपी पर खरीद की जाती थी, किसान उन्हीं फसलों का पंजीकरण करता था। बाजरे के मामले में राजस्थान व अन्य राज्यों के किसानों द्वारा भी पंजीकरण करने की शिकायतें मिलीं थी। अब शत प्रतिशत रकबे का पंजीकरण होगा, चाहे जमीन खाली ही क्यों न हो। फसल अवशेष जलाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष अवशेष जलाने की घटनाएं कम हो रही हैं। फसल अवशेषों का उपयोग एथनोल बनाने, ऊर्जा बनाने व अन्य कार्यों के लिए हो इसके लिए वाणिज्यिक उपयोग पर जो दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को बेलर, ट्रांसपोर्टेशन व वित्तीय प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। इस वर्ष लगभग 200 शिकायतें मिली हैं।

जीएसटी के सम्बन्ध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा बड़े राज्यों में जीएसटी संग्रहण में नम्बर वन पर है। ऑनलाइन सिस्टम होने के कारण अन्य राज्यों से भी डाटा मिल रहा है।

हरियाणा विधानसभा के नये भवन के लिए चंडीगढ़ में जमीन के सम्बन्ध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 एकड़ जमीन हरियाणा को भी चंडीगढ़ को देनी है।

उन्होंने बताया कि पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ प्रशासन अपने-अपने स्तर पर बैठक कर चुके हैं। वन्य जीव संरक्षित ऐरिया के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार ने भी राज्यों को नये सिरे से तय करने को कहा है। सुखना कैचमैंट ऐरिया में यह तय करना है कि इकोसैसिटिव में कितना क्षेत्र पड़ता है।

---

# भविष्य के डाक्टर समाज सेवा को प्राथमिकता दें : दत्तात्रेय

**राज्यपाल ने कह कि हम ताउम्र सिखते हैं और जितना हमारे अंदर ज्ञान होता है, उतने ही हम सर्वश्रेष्ठ बनते हैं**




**भरोसा मित्र**

**रोहतक।** यहां पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में आज तृतीय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्यातिथि छात्रों को पदकों से नवाजा। उनके साथ रोहतक के सांसद अरविंद शर्मा भी थे।

दोनों ने विश्व विद्यालय के एमबीबीएस, बीडीएस व अन्य पाठ्यक्रम की डिग्रियां वितरित की। यहां 19 मेधावी को पदक और 7152 को डिग्री प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन सुश्रुत सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा मौजूद रहे।

समारोह में 19 विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि यह विश्वविद्यालय का तृतीय समारोह है। जिन विद्यार्थियों ने वर्ष 2022 व 2023 के बीच में अपनी अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, पोस्ट डॉक्टोरल कोर्स, डीएम, एमसीएच की है, उन्हें डिग्री देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि हम सरकारी मेडिकल कालेज में बहुत सस्ते में पढ़ाई कर रहे हैं। हमारी पढ़ाई में टैक्स देने वाले समाज के हर व्यक्ति का हिस्सा है ऐसे में हमें चिकित्सक बनने के बाद समाज को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान करते हुए समाज सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिए। हमें ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आमजन की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में अनुशासन को बनाए रखते हुए मरीजों की सेवा करनी चाहिए। अभी तक आप लोगों ने एक विद्यार्थी का जीवन जीया था और आज आप सभी एक चिकित्सक बन गए हैं और समाज में चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। इसलिए हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज के हित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम ताउम्र सिखते हैं और जितना हमारे अंदर ज्ञान होता है, उतने ही हम सर्वश्रेष्ठ बनते हैं।

सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि यह संस्थान उनके दिल की गहराइयों में बसा हुआ है। यहां आकर उन्हें बहुत ही सुकून मिलता है। संस्थान के चिकित्सकों ने कोविड के दौरान भी बहुत सराहनीय कार्य किया था। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हमें हमेशा कुछ नया सिखने का प्रयास रखना चाहिए।

चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि हमें अपनी हिपोक्रेटिक ओथ को कभी भी नहीं भूलना चाहिए और लोगों को जो एक चिकित्सक से उम्मीद होती है, उस पर खरा उतरते हुए अपनी पूरी निष्ठा से मरीजों का इलाज करना चाहिए।

इस अवसर पर हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने कहा कि आज जो यहां से पीजी व यूजी पासआउट होकर डिग्री ले रहे हैं, यह उनके लिए एक ऐतिहासिक दिन है।उन्होंने कहा कि हमें सीखते हुए हमेशा खुद को नवीनतम तकनीक से अपडेट रखना चाहिए ओर अपने मरीजों को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करना चाहिए। कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना ने सभी को हिपोक्रेटिक ओथ दिलवाते हुए दिलवाते हुए कहा कि संस्थान आज हरियाणा सरकार के सहयोग से सभी प्रकार की बीमारियों का नवीनतम तकनीक से इलाज करने में सक्षम है।

# पबजी खेलने के लिए मोबाइल नहीं देने पर दोस्त का गला घोंट दिया

**चार दिन बाद उसका शव गली सड़ी हालत में गन्ने के खेत में मिला,एक पैर नहीं था और दोनो हाथ नहीं थे**

**भरोसा मित्र**

**पानीपत।** जिले के गढ़ सरनाई गांव में नौवीं कक्षा के छात्र की उसके 13 वर्षीय दोस्त ने इसलिए हत्या कर दी क्योंकि पबजी खेलने के लिए उसे मोबाइल देने से मना कर दिया था।

मृतक छात्र सौरभ नागपाल (14) के पिता राजपाल ने बताया कि एक अक्तूबर की शाम को जब वह घर आए तो उनका इकलौता बेटा नहीं था। इंतजार करने के बाद जब उन्होंने सौरभ को तलाशना शुरू किया तो उसका कहीं पता नहीं चला। फिर चार दिन बाद उसका शव गन्ने के खेत में मिला।

पूछताछ करने पर उसका दोस्त पहले तो पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने जुर्म कबूल कर लिया।

उसने बताया कि वे पबजी खेल रहे थे तो उसने उससे मोबाइल फोन मांगा। जब उसने देने से इंकार कर दिया तो दोनों विवाद हुआ फिर आपस में झगड़ा शुरू हो गया। दोनों ने एक-दूसरे का गला पकड़ लिया। इस बीच उसने अपने दोस्त का गला घोंटकर उसे मार डाला।

इस घटना के बाद वह बुरी तरह डर गया था। वह तुरंत वहां से भाग कर अपने घर आ गया।

जब पुलिस ने उसका शव बरामद किया तो वह गली-सड़ी हालत में था। उसके दोनों हाथ नहीं थे, एक पैर भी आधा कटा था और बाल भी उखाड़े हुए थे।

पहले तो सौरभ के परिजनों ने शव देख तांत्रिक विद्या करके हत्या करने और आरोपी के परिजनों के संलिप्त होने का आरोप लगाया। सीसीटीवी में यह छात्र दोपहर तक सौरभ के साथ दिखा था। पुलिस ने संभावना जताई है कि आवारा कुत्तों ने शव नोंचा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।सौरभ के शव को खानपुर के पीजीआई रेफर किया गया है।

### हरियाणा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाया

**भिवानी :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव का कार्यकाल हरियाणा सरकार ने एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है।

डॉ. यादव ने इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का आभार जताते हुए कहा कि बोर्ड सचिव व अधिकारियों के साथ मिलकर शिक्षा बोर्ड को और ऊंचे मुकाम पर ले जाएंगे। इस अवसर पर बोर्ड सचिव ज्योति मित्तल व बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारियों ने बोर्ड अध्यक्ष यादव का फूल-मालाओं से स्वागत किया।यादव ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में नकल पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए भरकस प्रयास किए हैं।

# विजिलेंस की टीम ने रिश्वत लेते हुए दो पुलिस वालों को रंगेहाथ पकड़ा

**रात में रेत का खनन करने की एवज में मांगे थे 50 हजार**

**भरोसा मित्र**

**पानीपत।** बापौली में अवैध रेत खनन करवाने की एवज में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक से 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए ईआरवी (इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल) इंचार्ज इएसआई और गाड़ी चालक हवलदार को गिरफ्तार किया गया है। करनाल विजिलेंस की टीम ने गुरुवार देर रात यह कार्रवाई की।

इंस्पेक्टर सचिन ने बताया कि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने शिकायत दी थी कि थाना बापौली क्षेत्र की ईवीआर पर तैनात इंचार्ज इएसआई अंग्रेज सिंह और गाड़ी चालक हवलदार वीरेंद्र कुछ ट्रैक्टर चालकों से रेत के खनन करवाने की एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग रहे हैं।

इन चालकों को भरोसा दिलाया गया कि जब वे ड्यूटी पर होंगे तो उनके



वाहन का चालान नहीं होगा। इस शिकायत पर इंस्पेक्टर संदीप की अगुवाई में टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने पाया कि ईवीआर पर तैनात इएसआई अंग्रेज व हवलदार वीरेंद्र को 50 हजार रुपये की रिश्वत ले रहे हैं। टीम ने उसी समय दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सचिन ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज लिया है

उनसे पूछताछ की जा रही है कि वे पहले अवैध रेत खन्न करने वाले कितने ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों से रिश्वत ले चुके हैं। इएसआई अंग्रेज सिंह करीब तीन महीने से ईवीआर पर तैनात हैं।

### भिवानी में ग्रामीण खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता

**भिवानी :** भीम स्टेडियम में सात खंडों के 450 के लगभग स्कूली खिलाड़ियों ने शिक्षा विभाग द्वारा कराई दो दिवसीय ग्रामीण खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर कुरूक्षेत्र में अगले माह होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया।खेल प्रतियोगिता कल यानि 7 अक्टूबर तक चलेगी।

---

व्यवस्था

गुंडों की लिस्ट बनाई जाएगी, महिला सुरक्षा पर रहेगा पूरा फोकस

# हर जिले में बनेगी लॉ एंड ऑर्डर कंपनी: डीजीपी





**प्रदेश को नशामुक्त बनाने तथा नशा तस्करों सहित असामाजिक तत्वों पर भी शिकंजा कसा जाएगा**

**भरोसा मित्र**

**रेवाड़ी।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि कानून व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ बनाने के लिए प्रदेश के हर जिले में हरियाणा पुलिस की लॉ एंड ऑर्डर कंपनी बनाई जा रही है। ये कंपनी लॉ एंड ऑर्डर जैसी स्थिति में तुरंत पहुंचकर प्रभावी रूप से काम करेगी। इसके अलावा प्रदेश को नशामुक्त बनाने तथा नशा तस्करों सहित असामाजिक तत्वों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

डीजीपी शत्रुजीत कपूर शुक्रवार सायं रेवाड़ी में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से भी बातचीत की। डीजीपी का रेवाड़ी पुलिस लाइन पहुंचने पर गॉर्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान किया गया।

पुलिस अधिकारियों की बैठक लेने के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री कपूर ने बताया कि प्रदेश में गुंडागर्दी करने वालों की भी लिस्ट बनाई जा रही है। जिसके बाद उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रेवाड़ी एक औद्योगिक क्षेत्र है। इस लिहाज से क्षेत्र की सुरक्षा पर भी पूरा फोकस किया जा रहा है। इसके साथ ही हरियाणा में महिला सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में है। इसी के मद्देनजर महिला सुरक्षा की दृष्टि में प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि आजकल साइबर अपराधों के मामले में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। साइबर क्राइम को रोकने में भी पुलिस बड़े स्तर पर काम कर रही है। हर जिले में साइबर थाने बन चुके है। उनको जो सपोर्ट चाहिए उसमें हम इजाफा कर रहे हैं। इस दौरान रेवाड़ी रेंज आईजी राजेन्द्र कुमार के अलावा एसपी दीपक सहारण भी मौजूद रहे।

# पंजाब सरकार कर रही संविधान का अपमान: रामबिलास शर्मा



**भरोसा मित्र**

रेवाड़ी।पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी एक कन्फ्यूज्ड नेता है। उनमे इटली का डीएनए ज्यादा दिखाई देता है। राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नकल करने का प्रयास करते हैं, लेकिन नकल करने में बी वे अकल नहीं लगाते हैं। वह शुक्रवार को सेक्टर स्थित परिवार पहचान पत्र के स्टेट कोर्डिनेटर डा. सतीश खोला के कार्यालय पर पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं तथा मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सतीश खोला पिछले लंबे समय से क्षेत्र के लोगों की सेवा कर रहे हैं। सुबह नौ बजे से लेकर देर सायं तक वह लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध रहते हैं। जिन लोगों के छह-छह माह तक कार्य नहीं हुए, उनके कार्य इस कार्यालय के माध्यम से कराए गए हैं। कार्यालय पहुंचने पर डा. सतीश खोला की अगुवाई में पूर्व मंत्री का फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि एसवाईल नहर पर सुप्रीम कोर्ट हरियाणा के हक में अपना फैसला सुना चुका है। पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मानकर संविधान का अपमान कर रही है। प्रदेश की सभी राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एसवाईएल के मुद्दे पर प्रधानमंत्री से मिलना चाहिए।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।